Date
DELTA Pg No

# NATIONAL SERVICE SCHEME
(NOT ME BUT YOU)

UNIT : Govt. college for Women Badhra (Ch.Dadri)

# Activity Register

from September 2019 Onwards.
March 2021.

दिनांक 12.07.2017

-: पोषण माह :-

Medical Camp at GCW Badhra by NSS Cell On 25/09/2019 in Poshan Maah Campaign

## स्वास्थ्य विभाग ने छात्राओं को दी पोषाहार की जानकारी



राजकीय महिला कालेज में छात्राओं को जागरूक करते चिकित्सक। • विज्ञप्ति

**राजकीय महिला कालेज में एनएसएस प्रभारी डा. मीना कुमारी के नेतृत्व में पोषण सप्ताह शिविर का किया आयोजन**

संवाद सहयोगी, बाढड़ा : बाढड़ा कस्बे के राजकीय महिला कालेज में बुधवार को एनएसएस प्रभारी डा. मीना कुमारी के नेतृत्व में पोषण सप्ताह के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। सीएचसी गोपी व पीएचसी बाढड़ा में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने छात्राओं की जांच कर उनको दवाएं वितरित की। प्राचार्य डा. सूबे सिंह ने कहा कि हमें अपने जीवन में उचित व अनुशासित जीवन शैली को अपना कर व दैनिक खानपान का ध्यान रखना जरूरी है।

संतुलित आहार के द्वारा स्वयं को शारीरिक, मानसिक तौर पर स्वस्थ रख सकते हैं। एनएसएस प्रभारी डा. मीना कुमारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को अपने दैनिक खानपान में सावधानी बरतने के लिए सचेत करने के लिए किया गया है। खंड विस्तार शिक्षा अधिकारी विरेन्द्र हुड्डा व निरीक्षक डा. रामचंद्र धनासरी, डा. धर्मबीर सिंह, डा. शिल्पा की टीम ने सभी छात्राओं की जांच की तथा उनको मलेरिया, व डेंगू से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने छात्राओं को एनीमिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी वहीं डा. शिल्पा व डा. शर्मिला ने दैनिक जीवन में साफ सफाई व जल संरक्षण का आह्वान किया। इस अवसर पर प्राध्यापक डा. उमेद कुमार, डा. गुणपाल सिंह, डा. परमजीत श्योराण, डा. मीना कुमारी, यशवंती, अनिता, संध्या, योगिता, कमलेश सहित स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद थे।

Number of Students participated = 205

**ENGLISH TRANSLATION**

- **Health Week was organized under the leadership of NSS P.O., Dr. Meena Kumari at Government Women's College for Women Badhra, Ch. Dadri.**
- **Health Department gave information about nutritious diet to the students.**
- 
- **The health department team examined the health of the students and told them how to avoid malaria and dengue**

---

Date 25-09-19

-: पोषण माह :-

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढ़ड़ा में एन.एस.एस. प्रभारी डा० मीना कुमारी के नेतृत्व में पोषण माह मनाया गया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, गोपी व प्राथमिक सहायता केन्द्र बाढ़ड़ा की टीम को आमंत्रित किया गया। मैडिकल टीम के स्वागत भाषण में महाविद्यालय प्राचार्य डा० सूबेसिंह ने छात्राओं को बताया कि हम अपने जीवन में उचित जीवन-शैली को अपनाकर व खान-पान में संतुलित आहार के द्वारा स्वंय को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रख सकते हैं। एन. एस. एस. प्रभारी डा० मीना कुमारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान श्री वीरेन्द्र हुड्डा 'खण्ड स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी' के नेतृत्व में डा० धर्मबीर, डा० शिल्पा, डा० राकेश व अन्य टीम सदस्यों ने अपनी सहभागिता जताई। कार्यक्रम के दौरान श्री वीरेन्द्र हुड्डा ने छात्राओं को मलेरिया व डेंगू से बचाव के तरीके बताए व डा० धर्मबीर ने छात्राओं को एनीमिया के बारे में जानकारी दी तथा डा० शिल्पा व डा० शर्मिला के द्वारा साफ-सफाई व जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही साथ छात्राओं की स्वास्थ्य संबंधी जाँच की गई व कैल्शियम व आयरन की दवाईयाँ छात्राओं को निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम के अंत में डा० मीना कुमारी के द्वारा 'खण्ड स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी' वीरेन्द्र हुड्डा व उनकी मैडिकल टीम का धन्यवाद व्यक्त किया गया। इस अवसर पर एन. एस. एस. टीम सदस्य रितु मैडम गरिमा मैडम तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## Medical Team Members

### on 25th September 2019

1. Dr. Rakesh (MO) मलेरिया, डेंगू
2. Dr. Dhrambir (AMO) Anemia.
3. Dr. Shilpa (LAMO) – Menstrual Hygiene & its importance
4. Ram Chander (HI) – Malaria, Dengue
5. Permila (L.H.V.)
6. Neetu (Councellor)
7. Mukesh (Staff Nurse)
8. Sharmila (A.N.M.) – Berla – Water Conservation
9. Manisha (A.N.M.)
10. Babli (A.N.M.)
11. Ajit (M.P. H.W. Male → T.B.
12. Virender Hooda (Block Health Education officer
13. Dr. Rakesh Dhayal, MO, PHC Badhra, 7056417350

Dr. Dhrambir, CHC Gopi – 9991601133

Dr. Shilpa, CHC Gopi – 8053429021

Dr. Ajit, PHC Badhra – 9813024006

Dr. Virender Hooda – 7015917188

## Summary of Events Organized

### in Poshan Maah on 25/09/2019

1. Poster Making & Group Discussion on 12/09/2019, Library, 12:15 p.m. "Impact of fast food & packaged food Items on Health"

2. An Extension lecture on 13/09/2019 by Mrs. Neetu, Adolescent Health Counsellor, CHC Gopi
   On the topic → Anemia & Importance of Menstrual hygiene in girls.

3. One Day Medical Camp on 25/09/2019 By a team of 13 member from CHC Gopi & PHC Badhra.

1. Created awareness among girls on various health issues.

2. Distributed Calcium & iron supplements.

DELTA Date Pg No

DELTA Date Pg No

Swachhata Hi Sewa Campaign

11th September – 27th October 2019

Activities Involved

1. Pledge regarding "ban on Plastic Use"
2. Cleanliness of Class room.
3. Swachhta Rally involving cleanliness of College Campus & surroundings on 26/09/2019.
4. Essay Writing Competition
5. Painting Competition.

- 48 Volunteers participated in Swachhta Rally.

[signature]

स्वच्छता ही सेवा Campaign by NSS Cell : GCW Badhra (Ch. Dadri)

24/9/2019

# वुमन कॉलेज में छात्राओं ने ली स्वच्छता की शपथ, निबंध लेखन में ज्योति प्रथम

## एनएसएस कार्यक्रम के तहत कॉलेज में चलाया स्वच्छता अभियान

24/09/2019 दैनिक भास्कर (चरखी दादरी)

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस कार्यक्रम के तहत छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

इस दौरान जनचेतना रैली निकाल कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्रा ज्योति प्रथम स्थान पर रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस प्रभारी डॉ. मीना कुमारी ने की। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने आसपास के वातावरण को साफ व स्वच्छ रखने के लिए प्रतिदिन दो घंटे श्रम करना चाहिए। अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे तभी बीमारियां नहीं फैलेंगी।

इसलिए आसपास के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें तथा उनके साथ रहकर साफ सफाई करवाएं। सबसे पहले अपने मकान, उसके गली व मोहल्ला व गांव को साफ व सुंदर बनाने का प्रयास करें तभी देश स्वच्छ हो पाएगा। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को स्वच्छ बनाने के विशेष अभियान चला रहे है हमें उनके अभियान में शामिल होकर देश को स्वच्छ बनाने में योगदान देना चाहिए। निबंध लेखन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योति प्रथम, शमशाद द्वितीय व बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा अंकिता तृतीय स्थान पर रही। छात्राओं ने गांव की गलियों में घूमकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा स्वच्छता को अपनाने का आह्वान किया।



स्वच्छता के लिए शपथ लेती छात्राएं व स्टाफ सदस्य।

24/09/2019 दैनिक जागरण (चरखी दादरी)

# निबंध स्पर्धा में स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योति रही अव्वल

संवाद सहयोगी, बाढड़ा: राजकीय महिला कालेज में एनएसएस प्रभारी डा. मीना कुमारी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों छात्राओं ने स्वच्छता अभियान विषय पर सफाई मिशन, निबंध व स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निबंध स्पर्धा में स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योति प्रथम स्थान पर रही।

कस्बे के महिला महाविद्यालय में एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने पहले स्वच्छता की शपथ दिलवाई की प्रत्येक छात्राएं अपने घर, शिक्षण संस्था या सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा कचरा नहीं फैलने देंगे। इसके बाद छात्राओं ने कस्बे में चेतना रैली भी निकाल कर सभी व्यापारियों, अभिभावकों से स्वच्छता मिशन को दैनिक जीवन में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वे स्वयं के अलावा अपने माता पिता, भाई बहनों को भी पर्यावरण प्रदूषण से बचाने के लिए पॉलीथिन के प्रयोग को रोकने में सहयोग की अपील करेंगे। एनएसएस प्रभारी डा. मीना कुमारी ने बताया कि स्वच्छता से जुड़े महत्वपूर्ण विषय पर आयोजित निबंध स्पर्धा में स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योति प्रथम, शमशाद द्वितीय व बीएससी तृतीय की छात्रा अंकिता तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम प्रभारी डा. मीना कुमारी ने अपने संबोधन में बताया कि देश के पीएम नरेंद्र मोदी के ओजस्वी नेतृत्व में शुरु किए गए स्वच्छता अभियान को लेकर देश भर में नए दौर की शुरुआत हुई है।



कन्या कालेज में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। • जागरण

---

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में एन. एस. एस. प्रभारी डॉ. मीना कुमारी के नेतृत्व में 'स्वच्छता अभियान' विषय पर शपथ-ग्रहण, निबन्ध प्रतियोगिता व रैली का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के प्रथम चरण में छात्राओं को शपथ दिलाई गई कि हम अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे व हर सप्ताह दो घंटे का श्रम केवल सफाई-अभियान के लिए देंगे। द्वितीय चरण में छात्राओं के द्वारा रैली निकाली गई थी जिसमें छात्राओं ने स्वच्छता संबंधी नारों के माध्यम से समाज के लोगों को जागरूक किया था। तृतीय चरण में महाविद्यालय की अधिक से अधिक छात्राओं ने निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया था जिसमें छात्राओं ने अपने विचारों के माध्यम से संदेश दिया कि हम समाज में गली मोहल्ले में किसी भी प्रकार कि गन्दगी नहीं फैलाएंगी व अपने वातावरण को स्वयं स्वच्छ रखेंगी व अपने छोटे भाई-बहनों को भी साफ-सफाई करने के लिए भी प्रेरित करेंगी। निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योति प्रथम, शमशाद द्वितीय तथा बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की छात्रा अंकिता तृतीय स्थान पर रही। एन.एस.एस प्रभारी डॉ. मीना कुमारी ने अपने विचारों के माध्यम से बताया कि हमें माननीय प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा चलाए व स्वच्छता अभियान को अपने जीवन में लागू करना है ताकि हम सब स्वच्छ वातावरण में रह सकें। इस अभियान पर समस्त महाविद्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

One Day NSS Camp On 27 Sept 2019
at GCW Badhra (Ch. Dadri)

**वुमन कॉलेज में चलाया सफाई अभियान**

One Day NSS Camp.

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

28/09/19

राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस स्वयं सेविकाओं ने एक दिवसीय शिविर के तहत कालेज के ग्राउंड में सफाई अभियान चलाया तथा प्लास्टिक के कचरे के एक जगह पर एकत्रित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुबेसिंह ने की। शिविर का संचालन एनएसएस प्रभारी डॉ. मीना कुमारी, डॉ. गरिमा व डा. रितु ने किया।

एनएसएस के कार्यक्रम के संचालन के लिए सभी कक्षाओं से छात्राओं को ग्रुप लीडर्स चुना गया। बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा अंकिता, द्वितीय वर्ष की छात्रा अंकिता सांगवान, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अंजु कुमारी, द्वितीय वर्ष की छात्रा अंशु तथा बीकाम तृतीय वर्ष की छात्रा आशा रानी को ग्रुप लीडर चुना गया। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अनु को यूनिट लीडर चुना गया। प्राचार्य सुबे सिंह एनएसएस स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने घर व आसपास साफ-सफाई रखना हमारी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्वयं सेविकाओं को देश निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए तथा समाजसेवा के कार्यों में भाग लेना चाहिए।

## :- स्वच्छता अभियान :-

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में प्राचार्य श्री सुबे सिंह के नेतृत्व में एन. एस. एस. कोष्ठ के तहत एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया था। इस कैम्प का संचालन व मार्गदर्शन कोष्ठ प्रभारी डॉ० मीना कुमारी व सदस्य डॉ गरिमा कुमारी तथा डॉ० रितु सांगवान ने किया था। इस कैम्प में छात्राओं ने कॉलेज के खेल ग्राउंड की सफाई की तथा घास व अन्य प्लास्टिक के कचरे को एक जगह एकत्रित किया। एन. एस. एस. के कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए अलग-2 कक्षाओं से छात्राओं को "ग्रुप लीडर्स" चुना गया था। बी. एस. सी. तृतीय वर्ष की छात्रा अंकिता, द्वितीय वर्ष की अंकिता सांगवान, बी. ए. तृतीय वर्ष की अंजू कुमारी, द्वितीय वर्ष की अंशु तथा बी. कॉम तृतीय वर्ष की छात्रा आशा रानी ग्रुप लीडर बने थे। बी. ए. तृतीय वर्ष की छात्रा अनु को यूनिट लीडर चुना गया था। इस कैम्प के अंत में छात्राओं को समाज-सेवा के लिए भी प्रेरित किया गया।

ENGLISH TRANSLATION

- A one-day cleanliness drive (IN ONE DAY NSS Camp) was organized in Government College for Women, Badhra on 28 September 2019, in which the students participated in cleaning the college premises and surrounding areas.
- They are also distributed in groups for maintaining further such drives with a student as team

**ENGLISH TRANSLATION Tree plantation, 6 January 2020)**

- The NSS Volunteers of Government College for Women, Badhra made a tree plantation drive on 6 January 2020, in Government Primary School, Jewali in which the students participated in planting trees under the leadership of NSS P.O. Dr. Meena Kumari.

- The Volunteers also collected dried tree leaves and collected them in a pit for composting.



दैनिक भास्कर चरखी दादरी हिसार सोमवार 13 जनवरी, 2020 | 04

## वयं सेविकाएं लक्ष्य तय कर जीवन में आगे ढ़ें, सफलता जरूर मिलेगी: डॉ. शमशेर सिंह

न कॉलेज में विवेकानंद जयंती पर कार्यक्रम में उनके जीवन से जुड़े विचारों को किया सांझा

चरखी दादरी हिसार, मंगलवार 07 जनवरी, 2020 | 04

## कालेज छात्राओं ने की जेवली स्कूल प्रांगण की सफाई

## एनएसएस यूनिट ने वृक्षारोपण कर दिया स्वच्छता का संदेश

हिसार 13 जनवरी 2020 दैनिक जागरण 15

## जागरण सिटी चरखी दादरी

# जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें विद्यार्थी : शमशेर


गांव जेवली में एनएसएस शिविर के समापन पर एमडीयू के युवा कल्याण विभाग के सचिव डा. शमशेर सिंह अहलावत को स्मृति चिह्न देते प्राचार्य सूबे सिंह, कार्यक्रम अधिकारी मीना कुमारी, स्वयं सेविकाएं। • विज्ञप्ति

संवाद सहयोगी, बाढड़ा : बाढड़ा के राजकीय कन्या महाविद्यालय द्वारा गांव जेवली में संचालित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का रविवार को समापन किया गया। एमडीयू रोहतक के युवा कल्याण विभाग के सचिव डा. शमशेर सिंह अहलावत ने स्वयंसेविकाओं को जीवन में सहनशीलता व उच्च लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। डा. मीना कुमारी की अगुवाई में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर को संबोधित करते हुए डा. शमशेर सिंह ने कहा कि हमें सदैव खुश रहते हुए वर्तमान में जीना चाहिए। हमें कभी किसी कार्य में पिछड़ने या विपरीत परिस्थितियों में घबराने के बजाय उनसे निपटने की सोच बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें पूर्व राष्ट्रपति डा. अब्दुल कलाम के विचारों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को राष्ट्र के प्रति समर्पित सोच अपनाते हुए सकारात्मक मानसिकता के साथ रहने की अपील की। प्राचार्य सूबे सिंह ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उनके जीवन से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करते हुए छात्राओं को नई सोच, व उमंग से अध्ययन करने का

आह्वान किया। कार्यक्रम प्रभारी डा. मीना कुमारी ने कहा कि सभी विद्यार्थियों में राष्ट्रहित की भावना जरूरी है। छात्रा अंजू कुमारी ने सात दिवसीय एनएसएस शिविर की प्रगति रिपोर्ट पेश की।

# सशक्त समाज के निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका

09/01/2020 दैनिक जागरण (सिटी)


राजकीय कालेज बाढड़ा में एनएसएस शिविर के कार्यक्रम में स्वयंसेविकाएं के साथ सीडीपीओ गीता सहारन, सीडीपीओ पुष्पा गुप्ता, कार्यक्रम प्रभारी डा. मीना के साथ। • विज्ञप्ति।

संवाद सहयोगी, बाढड़ा : सशक्त नारी के कंधों पर ही सशक्त समाज की नींव रखी है। छात्राएं एनएसएस शिविर में मिले ज्ञान को संस्कार के तौर पर दैनिक जीवन में अपनाएं। यह बात सीडीपीओ गीता सहारण ने बुधवार को कस्बा स्थित राजकीय कन्या कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा रूपी ताकत को अपने और आसपास की महिलाओं व बच्चों के जीवन को संवारने में प्रयोग करने की अपील की। केन्द्र सरकार के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र की उपेक्षित महिलाओं को उनके अधिकार दिलवाने में एनएसएस छात्राओं की सक्रिय भागेदारी की अपील की। सीडीपीओ पुष्पा गुप्ता ने कहा कि बचपन से ही सशक्त मानसिकता से अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। बेटी समाज का अनमोल धन है। इसीलिए वह किसी भी तरह लड़कों से अपने आपको कम नहीं समझें और अपने अधिकारों के लिए आगे आएं। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी डा. मीना कुमारी की अगुवाई में शिविर में भागेदारी करने वाली एनएसएस छात्राओं ने कालेज परिसर में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान विज्ञान, सामान्य ज्ञान, गणित विषयों पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

[signature]

DELTA Date Pg No.

इसके बाद NSS कार्यप्रभारी डॉ० मीना कुमारी ने
प्राथमिक उपचार की जानकारी व समाज में
शान्ति- शांति अपना योगदान देने के लिए
स्वयंसेविकाओं को प्रेरित किया।
शिविर के दौरान चौ० बंसीलाल विश्वविद्यालय
N.S.S कार्यप्रभारी डॉ० सुरेश मलिक जी ने शिविर
का निरीक्षण किया तथा स्वयंसेविकाओं को
मोबाईल के नुकसान, बुजुर्गों तथा माता-पिता
के सम्मान, सामूहिक कार्यक्षमता, सेवा भावना
आदि महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जानकारी दी।
N.S.S कैम्प के तीसरे दिन की शुरुआत 'राष्ट्रीय
सेवा योजना' के लक्ष्य गीत' तथा तालियों के
साथ प्रारम्भ हुआ। इसके बाद स्वयं सेविकाओं ने
ने विद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई की और
अपने लिए खाना बनाया।
इसके बाद CDPO चरखी दादरी श्रीमति गीता सहारन
जी तथा CDPO बाढ़डा श्रीमती पुष्पा गुप्ता जी ने
स्वास्थ्य, पोषण तथा शिक्षा से जुड़े विषयों से
अवगत कराया। स्वयं सेविकाओं को बेटी-बचाओ
के अर्थ को सार्थक करने के लिए उत्साहित किया
तथा POCSO एक्ट CHILD WELFARE, COMMITTEE, ONE-
STOP CENTRE आदि अनेक समितियों, कानूनों और
सुविधाओं के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया।
उन्होंने बताया कि हमें बच्चों को बचपन से ही सजग
बनाना चाहिए और बेटा-बेटी में भेदभाव नहीं
करना चाहिए।
कार्यप्रभारी डॉ० मीना कुमारी ने स्वयंसेविकाओं को
खान-पान के प्रति जागरूक किया तथा बताया कि
स्वस्थ युवा ही स्वस्थ भारत का निर्माण कर सकते हैं।
N.S.S कैम्प के चौथे दिन छात्राओं ने प्रभु स्मरण
के बाद जेवली गांव में स्वच्छता तथा पानी बचाओ
विषयों पर जागरूकता अभियान चलाया। इसमें
उन्होंने स्वच्छता रैली निकाली तथा ग्रामवासियों को

[signature]

घर-घर जाकर स्वच्छता का महत्त्व समझाया। उन्होंने पानी को बचाने के तरीके भी समझाए। स्वंय-सेविकाओं ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय जैवली के आस-पास एवं गलियों में साफ-सफाई भी की। उन्होंने प्लास्टिक की थैलियों का इस्तेमाल न करने के लिए भी लोगों को समझाया। छात्राओं ने कूड़े, कचरे को इकट्ठा कर एक गड्डे में डालने तथा उससे जैविक खाद बनाने के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस प्रकार हम अपने आस-पास की सफाई भी कर सकते हैं तथा इससे हम खेती की उपज को भी बढ़ा सकते हैं।

N.S.S कैम्प के पांचवे दिन छात्राओं ने प्रभु वन्दना तथा एन. एस. एस. संदेश गीत के बाद विद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई की गई। उसके बाद हरियाणा ग्रामिण विकास संस्थान नीलोखेड़ी के प्रशिक्षण समन्वयक माननीय श्री रामचन्द्र पूनिया जी ने छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही समाज कल्याण की अनेक योजनाओं से अवगत करवाया उन्होंने स्वंय सेविकाओं को इन योजनाओं से स्वंय तथा आस-पास के जरूरतमन्द लोगों की मदद करने की प्रेरणा दी। श्री पूनिया जी द्वारा विभिन्न प्रोफेशनल कोर्सिज के बारे में बताया।

कार्यप्रभारी डॉ॰ मीना कुमारी ने बताया कि हमें सच्चाई, इमानदारी तथा मेहनत के रास्ते पर चलना चाहिए। तभी हम माता-पिता तथा गुरूओं के सपने साकार कर सकते हैं।


N.S.S कैम्प के छठे दिन की शुरूआत छात्राओं ने N.S.S संदेश गीत था प्रभु वन्दना से की। इसके बाद बैंक सहायक श्री प्रदीप कुमार श्योराण ने स्वंयसेविकाओं को (डिजिटल इंडिया) से अवगत कराया।


तत्पश्चात छात्राएं सफाई हेतु श्री बाबा प्रीतमदास मंदिर जैवली में पहुँची तथा मंदिर प्रांगण की

# <u>साप्ताहिक रिपोर्ट</u>


# सात दिवसीय(Day-Night) कैम्प
# (राष्ट्रीय सेवा योजना)
# राजकीय महिला महाविद्यालय
# बाढड़ा (चरखी दादरी)

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढडा की NSS Unit का सात दिवसीय विशेष शिविर 6 जनवरी 2020 से राजकीय प्राथमिक विद्यालय जेवली मे आरम्भ हुआ। इस शिविर का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य श्री दिनेश कुमार गावा जी द्वारा छात्राओ को इन सात दिवसीय विशेष शिविरों की उपयोगिता बताते हुए किया गया। श्री गावा जी ने स्वयंसेविकाओं को NSS के उद्देश्य, स्वच्छता, जल के महत्व आदि विषयो के बारे मे बताया। NSS कार्यप्रभारी डॉ0 मीना कुमारी ने स्वयसेविकाओ को अनुशासन मे रहते हुए दूसरो की तथा समाज की जरूरतो को जानने व उनका समाधान ढूंढने के लिए प्रेरित किया जिससे उनका व्यक्तित्व का विकास हो सके।






NSS कैम्प के प्रथम दिन की शुरूआत वृक्षारोपण से की गई। विद्यालय में NSS की प्रतिभागियों द्वारा साफ–सफाई की गई। NSS कार्यप्रभारी डॉ0 मीना कुमारी द्वारा छात्राओं की कमेटियाँ बनाकर अलग–अलग कार्य सौंपे गए। NSS स्वयंसेविकाओं द्वारा सभी कार्यों को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से वहन किया गया। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने अपने लिए खाना बनाया। इस शिविर के दौरान प्रौ0 सूबे सिंह, डॉ0 गरिमा तथा डॉ0 रितु आदि सदस्य भी उपस्थित रहे।



**NSS** कैम्प के दूसरे दिन राजकीय प्राथमिक विद्यालय जेवली में प्रभु वंदना के साथ शुरू हुआ। इसके बाद स्वयंसेविकाओं द्वारा सु–विचार प्रस्तुत किए गए। स्वयंसेविकाओं ने विद्यालय प्रांगण में साफ– सफाई कर सूखे कचरे को एक गड्डे में एकत्रित किया तथा कुछ ने स्वयंसेविकाओं के लिए खाना तैयार किया। इसके बाद .फर्स्ट–एड होम नर्सिंग लैक्चर श्री अनूप सिंह पंघाल द्वारा .फर्स्ट–एड तथा होम नर्सिंग के बारे में स्वयंसेविकाओं को अवगत कराया। इसके बाद NSS कार्यप्रभारी डॉ0 मीना कुमारी ने प्राथमिक उपचार की जानकारी दी तथा समाज में भली–भांति अपना योगदान देने के लिए स्वयंसेविकाओं को प्रेरित किया।






शिविर के दौरान चौ० बंसीलाल विश्वविद्यालय NSS Co-ordinator डॉ० सुरेश मलिक जी ने शिविर का निरीक्षण किया तथा स्वंयसेविकाओं को मोबाईल के नुकसान, बुजुर्गो तथा माता–पिता के सम्मान, सामूहिक कार्यक्षमता, सेवा भावना आदि अनेक महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जानकारी दी।

**NSS कैम्प के तीसरे दिन** की शुरूआत 'राष्ट्रीय सेवा योजना' के 'लक्ष्य गीत' तथा 'तालियों' के साथ हुई। इसके बाद स्वंयसेविकाओं ने विद्यालय प्रांगण की साफ–सफाई की और अपने लिए खाना बनाया। उसके बाद CDPO चरखी दादरी श्रीमती गीता सहारण जी तथा CDPO बाढ़डा श्रीमती पुष्पा गुप्ता जी ने स्वास्थ्य, पोषण तथा शिक्षा से जुड़े विषयों से अवगत कराया। स्वयंसेविकाओं को 'बेटी–बचाओं बेटी पढाओ' नारे को सार्थक करने के लिए उत्साहित किया तथा POCSO एक्ट, Child Welfare Committee, One-Stop centre आदि अनेक समितियों, कानूनों और सुविधाओं के बारे में विस्तृत रूप से अवगत



NSS कैम्प के चौथे दिन छात्राओं ने प्रभु स्मरण के बाद जेवली गांव मे 'स्वच्छता' तथा 'पानी बचाओं' विषयो पर जागरूकता अभियान चलाया। इसमें उन्होने स्वच्छता रैली निकाली तथा ग्रामवासियों को घर–घर जाकर स्वच्छता का महत्व समझाया। उन्होने पानी को बचाने के तरीके भी समझाए। स्वयं सेविकाओं ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय जेवली के आस–पास एवं गलियो में साफ–सफाई भी की। उन्होने प्लास्टिक की थैलियों का इस्तेमाल न करने के लिए भी लोगो को समझाया। छात्राओं ने कूडे, कचरे को ईक्टठा कर एक गडडे मे डालने तथा इससे जैविक खाद बनाने के बारे में लोगो को जानकारी दी। इस प्रकार हम अपने आस–पास की सफाई भी कर सकते है तथा इससे हम खेती की उपज को भी बढा सकते है।





**ENGLISH TRANSLATION (Rally on water conservation in Jewali Village on 9 January 2020)**


- Rally on water conseravation in Jewali village by NSS Volunteers



**NSS कैम्प के पांचवे दिन** छात्राओं ने प्रभु वन्दना तथा एन. एस. एस. संदेश गीता के बाद विदयालय प्रांगण की साफ सफाई की गई। उसके बाद हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेडी के प्रशिक्षण समन्वयक माननीय श्री रामचन्द्र पूनिया जी ने छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही समाज कल्याण की अनेक योजनाओं से अवगत कराया उन्होने स्वंय सेविकाओ को इन योजनाओ से स्वंय तथा आस–पास के जरूरतमन्द लोगो की मदद करने की प्रेरणा दी। श्री पूनिया जी द्वारा विभिन्न प्रोफेशनल कोर्सिज के बारे में भी बताया गया। कार्यप्रभारी डॉ0 मीना कुमारी ने बताया कि हमें सच्चाई, इमानदारी, तथा मेहनत के रास्ते चलना चाहिए तभी हम माता–पिता तथा गुरूओं के सपने साकार कर सकते है।



**NSS कैम्प के छठे दिन** की शुरूआत छात्राओं ने NSS संदेश गीत तथा प्रभु–वन्दना से की गयी। इसके बाद बैंक सहायक प्रबन्धक श्री प्रदीप कुमार श्योराण ने स्वंयसेविकाओं को डिजिटल इंडिया से अवगत कराया। उन्होने छात्राओं की बैंक सम्बंधी समस्याओं के हल के बारें में बताया तथा शिक्षा लोन आदि से अवगत कराया। तत्पश्चात छात्राऐं सफाई हेतु श्री बाबा प्रीतमदास मंदिर जेवली में पहुँची तथा मंदिर प्रांगण की साफ–सफाई की। मंदिर प्रबन्धक द्वारा स्वंयसेविकाओं को प्रसाद वितरित किया गया।



**NSS कैम्प के सातवें दिन** राजकीय महिला महाविद्यालय की एन.एस.एस. यूनिट के सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ0 शमशेर सिंह अहलावत (रिटायर्ड प्रिसिंपल तथा सचिव, युवा कल्याण विभाग, महर्षि दयानन्द विश्विद्यालय, रोहतक) रहें। उन्होंने छात्राओं को खुश रहने तथा वर्तमान में जीने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि हमें फेल तथा दूसरे विपरीत परिस्थितिओं से घबराने की बजाय, सीखने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने इस बारें में हमारे पूर्व राष्ट्रपति महामहिम श्री ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के विचारों तथा सोच को स्वंयसेविकाओं को अपने जीवन में लागू करने की प्रेरणा दी। उन्होंने छात्राओं को सकारात्मक सोच वाले लोगों के साथ रहने की सलाह दी।

उसके बाद स्वंयसेविका अंजू कुमारी ने सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। तत्पश्चात् छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की कविता तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉं दी गयी।

**ENGLISH TRANSLATION (Cleanliness Campaign on 11 January 2020 at Jewali)**

- NSS Volunteers performed cleanliness at Primary school and temple in Jewali Village.
- Volunteers also awared the local people about taking care of cleanliness in their surroundings and discontinue to use plastics.

स्वंयसेविकाओं ने अपने सात दिवसीय शिविर के अनुभव सांझा किए। मुख्य अतिथि द्वारा स्वंयसेविकाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए गए।

इसके बाद महाविद्यालय के उप–प्राचार्य श्री सुबे सिंह जी ने स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती पर उसके जीवन से जुडे अनेक घटनाओं को सांझा किया जिससे जिन्होंने भारत की सभ्यता व संस्कृति की अभिन्न छाप विश्व पटल पर छोड़ दी। उन्होंने एन.एस.एस. स्वंयसेविकाओं को प्रेम, सद्भावना, सहनशीलता, परोपकार तथा अनुशासन में रहते हुए समाज सेवा करने की प्रेरणा दी। एन.एस.एस. कार्यप्रभारी डॉ0 मीना कुमारी ने स्वंयसेविकाओं को इस सात दिवसीय शिविर में सीखे गये मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।





इस दौरान महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य डॉ0 गरिमा कुमारी तथा डॉ0 रितू सांगवान भी उपस्थित रहें।

15.2.2020

PRINCIPAL,
Govt. College for Women,
BADHRA (CH. DADRI)

राजकीय महिला महाविद्यालय, बाढड़ा की N.S.S यूनिट द्वारा कार्यवाहक प्राचार्य श्री सूबे सिंह जी की अध्यक्षता में "Fit India WalKathon" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर के चारों ओर दौड़ लगाकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया तथा स्वस्थ जीवन के महत्व को दर्शाया। इस प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की अंकिता प्रथम तथा बी.ए. प्रथम वर्ष की नीतू द्वितीय स्थान पर रही। एन.एस.एस. प्रभारी डॉ मीना कुमारी ने बताया कि हमें साईकलिंग दौड़ तथा पैदल चलना आदि क्रियाओं को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा जरूर बनाना चाहिए ताकि हम अपने आप को स्वस्थ रख सकें। उन्होंने बताया कि जब हम स्वस्थ होंगे तभी हम खुश रह पाएंगे तथा स्वस्थ समाज एवं स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकेंगे।

**ENLISH TRANSLATION for Fit India Walkathon and Cyclothon 18 January 2020**

- Fit India Walkathon and Cyclothon was organized by the NSS unit of Government Women's College Badhra on 18 January 2020, in which NSS students ran around the college campus and made the people around aware about staying healthy.
- NSS in-charge Dr. Meena Kumari told the students and local people about the

"Voter Day" by N.S.S cell 24 January 2020

DELTA

राजकीय महिला महाविद्यालय, बाढ़डा की एन.एस.एस. यूनिट द्वारा कार्यवाहक प्राचार्य श्री सूबे सिंह जी की अध्यक्षता में आज दिनांक २४ जनवरी २०२० को "राष्ट्रीय बालिका दिवस" के रूप में मनाया गया। एन.एस.एस प्रभारी डॉ मीना कुमारी ने छात्राओं को बताया कि हमें अपने आप को लड़कों से कम नहीं समझना चाहिए तथा अपना खुद का लक्ष्य निर्धारित कर उसको पाने के लिए दिन-रात मेहनत करनी चाहिए। अगर हम बेटियाँ कुछ अलग कर दिखाएंगी तभी हम "बेटी-बचाओ" "बेटी-पढ़ाओ" के नारे को सार्थक बना सकते हैं। इसके बाद "बेटी-बचाओ", "बेटी-पढ़ाओ" के विषय पर पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने इस विषय पर अपने विचार साझा किए। पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता में बी.एस.सी तृतीय वर्ष की छात्रा मोनिका प्रथम, ज्योति द्वितीय तथा प्रीति कुमारी तृतीय स्थान पर रही।

एन.एस.एस की स्वंयसेविकाओं ने "बेटी-बचाओ" "बेटी-पढ़ाओ" विषय पर रैली निकालकर समाज तक अपना संदेश पहुँचाने की कोशिश की। इसी दौरान कुछ स्वंयसेविकाओं ने "मतदाता-दिवस" २५ जनवरी २०२० के विषय पर भी अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने व्यक्तव्य के माध्यम से संदेश दिया कि निष्पक्ष होकर मत डालना चाहिए तथा सही नेता का चुनाव करना चाहिए तभी हम राष्ट्र-निर्माण में अपनी भागीदारी निभा सकते हैं। उन्होंने इस पर निष्पक्ष मताधिकार के लिए शपथ भी ग्रहण की।

महाविद्यालय स्टाफ सदस्या डॉ मीना कुमारी, डॉ गरीमा कुमारी तथा श्रीमति रितु सांगवान आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

**ENGLISH TRANSLATION (24 Jan 2020 Rally on " Beti Bachao Beti Padhao")**

- On January 24, 2020, Voters Day was made as National Girl Child Day in Government Women's College, Badhra, in which Dr. Meena Kumari said that girls are not less than boys in any way and must try to fix target and work hard to achieve that target.

23 January 2021

Date
DELTA Pg No

राजकीय महिला वि महाविद्यालय बादड़ा में आज दिनांक 23 जनवरी 2021 को N.S.S स्वयंसेविकाओं द्वारा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी की स्मृति में उनकी 150 वीं जयन्ती को महाविद्यालय कार्यकारी "श्री सूबे सिंह" जी की अध्यक्षता में "पराक्रम दिवस" के रूप में मनाया गया। स्वयंसेविकाओं ने N.S.S P.O. Unit-I "डॉ मीना कुमारी" तथा N.S.S. P.O. Unit-II "श्री जितेन्द्र कुमार" के नेतृत्व में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। छात्राओं ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी के जीवन से सम्बन्धित अनेक किस्सों को अपने प्रस्ताव, कविता तथा गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय प्राचार्य श्री सूबे सिंह जी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्हें नेता जी के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ मीना कुमारी, N.S.S इंचार्ज Unit-I ने छात्राओं को नेता जी के जीवन से जुड़े अहम घटनाओं के बारे में बताया। श्री जितेन्द्र कुमार, N.S.S इंचार्ज Unit-II ने छात्राओं को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी के राजनीतिक जीवन का परिचय दिया। महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने इस कार्यक्रम में अपना पूर्ण सहयोग दिया।

[signature]

दैनिक भास्कर चरखी दादरी भास्कर 14-04-2021

रहे। सिंह, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने लोगों को किया अवेयर



बाढड़ा। बस स्टेंड पर कोरोना वेक्सीन लगवाने को लेकर लोगों को जागरूक्ता रैली निकालती कालेज की छात्राएं।

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस की स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय प्राचार्य डा. सुबे सिंह की अध्यक्षता मे कस्बे में सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के कोरेना टीकाकरण के लिए जाग्रत किया और जागरूकता रेली निकाली।


इस दौरान कार्यक्रम की देख रेख प्रो.यशवंती व प्रो. जितेंद्र कुमार के मार्ग दर्शन में महिला [illegible] छात्राओं ने महाविद्यालय से कस्बे में मुख्यक्रांतिकारी चौक, बस स्टेंड, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक कोरोना को लेकर जागरूकता रैली निकाली और केंद्र सरकार द्वारा लोगों को लगाई जा रही कोरोना वैक्सीन को लेकर लोगों को जागरूक किया और ज्यादा से ज्यादा लोगों को कोरोना वैक्सीन लगवाने का आह्वान किया। इस मौके पर सभी छात्राओं ने हाथों में कोरोना के स्लोगन पट्टी लिए हुई थी। इस अवसर पर गरिमा, प्रो. मीना, तस्वीर, मोनिका, पुजा, संजु, आरती बबीता आदि मौजद थे।

**ENGLISH TRANSLATION (Awareness rally on Corona Vaccination in Badhra on 13 April 2021)**

- On April 13, 2021, the NSS unit of the Government College for Women Badhra took out a rally and motivated people to get the corona vaccine in public places (Bus stand, Badhra, Krantikari Chowk, Badhra and Public health center, Badhra), during which the students created awareness among people informing that through this vaccination we can prevent the

**ENGLISH TRANSLATION (Awareness campaign on preventive measures for Covid -19 by NSS Volunteers in Their respective villages on 14 April 2021)**

- On April 14, 2021, the NSS volunteers of the Government College for Women Badhra were asked to carry out a Awareness campaign on preventive measures for Covid -19 in their respective villages.
- The 22 students participated in the activity.



दिनांक - 31 May 2021

महिला महाविद्यालय में कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए योगा ट्रेनिंग सेशन का आयोजन

बाढ़डा राजकीय महिला महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. मुख सिंह की अध्यक्षता में एनएसएस यूनिट द्वारा कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए योगा ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर जितेंद्र व प्रोफेसर मधुबाला की देख-रेख में ऑनलाइन प्लेटफार्म पर किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर मीना कुमारी ने कोरोना संक्रमण से बचने के लिए एनएसएस की सभी स्वयं सेविकाओं को स्वस्थ रहने के लिए बार-बार हाथ धोने, एक दूसरे से दूरी बनाए रखने, मुंह पर मास्क लगाने और स्वयं की बारी आने पर वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। आचार्य चांद सिंह ने योगा प्रशिक्षण देकर स्वयं सेविकाओं को स्वस्थ रहने के लिए जागरूक किया। योगा प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविका निकिता, बंटी, पूजा, सविता, उषा, प्रिया, शीतल, कुसुम आदि मौजूद थी।

Date
DELTA Pg No.

⇒ 66 Volunteers of NSS Unit have submitted petition related to COVID - 19 during lockdown.

⇒ About 50 - 60 volunteers of Unit - I have register and attended webinar held on 12-05 - 2021 on COVID Crisis By CBLU

⇒ About 45 volunteer of unit - I participated in Yoga work shop organized by CBLU Bhiwani from 1 June 2021 — 21 June 2021.

⇒ On Environment Day following Volunteers of Unit - I participate in following events:- Organized by CBLU Bhiwani on 5 June 2021

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Kavita | B. Sc III | 2218820025 | Painting |
| 2. | Anisha | B.Sc II | 3100120009 | Painting |
| 3. | Pooja | B. Sc II | 3100 120021 | Poem |
| 4. | Nisha | B. Sc I | 1200 18015019 | Poem |
| 5 | Suman | B. Sc I | 1200 18015051 | Painting |
| 6. | Pooja Kumari | B.A III | 21 91820116 | Poem, Story |

[signature]

Seen

Principal

**ENGLISH TRANSLATION (Cleanliness Campaign at Jangid Dharamsala and Arya Samaj Mandir, Badhra on 2 August 2021**

- On August 2, 2021, students of both the NSS units of the Government College for Women Badhra

# स्लोगन प्रतियोगिता में प्रीति, ऊषा रही प्रथम

## राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वयंसेविकाओं ने प्रतियोगिता में बनाए सुंदर पोस्टर

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट की स्वयं सेविकाओं ने जांगिड़ धर्मशाला में सफाई अभियान चलाया तथा महाविद्यालय में मेहंदी, स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में आचार्य चांद सिंह ने स्वयं सेवकों को लाभ व स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी तथा स्वयं सेवकों को योगाभ्यास करवाया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को स्वच्छ व स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया।

स्वयं सेविकाओं को अपने मन में सभी बुराइयों को मिटाने तथा अच्छे संस्कारों को ग्रहण करने की प्रति जागरूक किया। इसके पश्चात स्वयं सेविकाओं ने स्वयं भोजन तैयार किया। महाविद्यालय में स्लोगन प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता तथा स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सभी स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रीति, ऊषा ने प्रथम स्थान, मनीषा, प्रियंका, रेनु ने द्वितीय स्थान तथा श्वेता, नीतू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी कंपटीशन में रेनू, रितु ने प्रथम, प्रियंका, अनेजा और अंशु ने द्वितीय तथा किरण, मोनिका और पूनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में अंकिता, मनीषा ने प्रथम तथा आरती, अंकिता, कविता ने द्वितीय स्थान, प्रियंका, अंजू बाला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यहां एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी प्रो जितेंद्र, प्रो. यशवंती, मीना कुमारी, रितु व प्रो. सोनू आदि मौजूद थे।



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वयंसेविकाओं द्वारा स्लोगन प्रतियोगिता में बनाए गए पोस्टर।

08 अगस्त, 2021

# चरखी दादरी


# स्वयंसेविकाओं ने रैली निकाल लोगों को किया जागरूक

# नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस शिविर में स्वयंसेविकाओं ने कस्बे में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति तथा स्वच्छता से संबंधित विषयों पर रैली निकाली कर लोगों को जागरूक किया।

सभी स्वयंसेविकाओं ने बड़े ही विनम्र स्वभाव में क्षेत्र के लोगों को समझाया। स्वयं सेविकाओं को आचार्य पंचगांव गुरुकुल से आचार्या दया ने स्वयंसेविकाओं को महिला सशक्तिकरण के विषय में बताया। सभी स्वयं सेविकाओं ने बड़े ही ध्यान से आचार्या दया की बातों को सुना तथा उन्हें अपने जीवन में प्रयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को हर प्रकार से आंतरिक एवं बाह्य रूप से मजबूत रहने के लिए प्रेरित किया। आचार्य ने स्वयं सेविकाओं को जीवन में सफल होने के लिए लगातार प्रयासरत रहने के प्रति जागरूक किया। यहां एनएसएस यूनिट प्रभारी प्रोफेसर यशवंती, प्रोफेसर जितेंद्र, मीना, रितु आदि मौजूद थी।



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राएं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के बारे में जागरूकता रैली निकालते हुए।

**ENGLISH TRANSLATION (Awareness rally on Drug De-addiction and Save Girl Child on 7th August 2021)**

- On August 7, 2021, students of both the NSS units of the Government College for Women Badhra took out a rally and motivated people for drug de-addiction for attaining good health.

दैनिक भास्कर
हिसार, रविवार 08 अगस्त, 2021 | 04

## चरखी दादरी

# स्वयंसेविकाओं ने रैली निकाल लोगों को किया जागरूक
# नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया

भास्कर न्यूज | बाढड़ा



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राएं बेटी बचाओ-बेटी पढाओ के बारे में जागरुकता रैली निकालते हुए।

राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस शिविर में स्वयंसेविकाओं ने कस्बे में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति तथा स्वच्छता से संबंधित विषयों पर रैली निकाली कर लोगों को जागरूक किया।

सभी स्वयंसेविकाओं ने बड़े ही विनम्र स्वभाव में क्षेत्र के लोगों को समझाया। स्वयं सेविकाओं को आचार्य पंचगांव गुरुकुल से आचार्या दया ने स्वयंसेविकाओं को महिला सशक्तिकरण के विषय में बताया। सभी स्वयं सेविकाओं ने बड़े ही ध्यान से आचार्या दया की बातों को सुना तथा उन्हें अपने जीवन में प्रयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को हर प्रकार से आंतरिक एवं बाह्य रूप से मजबूत रहने के लिए प्रेरित किया। आचार्य ने स्वयं सेविकाओं को जीवन में सफल होने के लिए लगातार प्रयासरत रहने के प्रति जागरूक किया। यहां एनएसएस यूनिट प्रभारी प्रोफेसर यशवंती, प्रोफेसर जितेंद्र, मीना, रितु आदि मौजूद थी।

हिसार, सोमवार 09 अगस्त, 2021 | 02

## ख्री दादरी

# ीए अंतिम वर्ष की मोनिका को चुना
# एनएसएस शिविर में बेस्ट वॉलंटियर

जकीय महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

भास्कर न्यूज | बाढड़ा



एनएसएस के समापन समारोह में मौजूद स्टाफ सदस्य व छात्राएं।

े के जांगड़ा धर्मशाला में कीय महिला महाविद्यालय ड़ा द्वारा चलाया जा रहा सात सीय एनएसएस शिविर का ार को समापन समारोह आयोजन किया गया जिसमें का बीए फाईनल ईयर को बेस्ट टियर चुना गया है। समापन ोह के मुख्य अतिथि डॉ जितेंद्र ज रजिस्ट्रार चौधरी बंसीलाल र्सिटी भिवानी रहे। उन्होंने सेविकाओं को एनएसएस के य बताए यह समाज की सेवा के लिए प्रेरित किया। सभी सेविकाओं ने पूरी ईमानदारी व के साथ अपनी ड्यूटी निभाई। प्रतियोगिताओं में भाग लेने स्वयं सेविकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मोनिका बीए फाइनल ईयर की स्वयं सेविका ने सात दिवसीय रिपोर्ट पढ़ी। इस दौरान मुख्य अतिथि ने 2020 एवं 2021 के बेस्ट वॉलंटियर मोनिका बीए फाइनल ईयर को सम्मानित किया। इस अवसर पर एनएसएस यूनिट प्रभारी ऑफिसर यशवंती व प्रोफेसर जितेंद्र ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य सूबे सिंह, की अध्यक्षता में एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी प्रोफेसर जितेंद्र, प्रोफेसर यशवंती व अन्य स्टाफ सदस्य डॉ कमल, प्रोफेसर सोनू, प्रोफेसर अनीता, जयवीर, ओमप्रकाश, दिनेश कुमार आदि स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत दौड़ में लिया हिस्सा

संवाद सहयोगी, बाढड़ा: कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट एक और दो के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव इंडिया 75 कार्यक्रम के तहत आजादी की दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें कालेज छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। कालेज परिसर में अमृत महोत्सव इंडिया 75 कार्यक्रम का आयोजन कार्यकारी प्राचार्य सुबेसिंह की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। महाविद्यालय की एनएसएस द्वारा कालेज के खेल परिसर से गांव भांडवा तक आजादी की दौड़ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम प्रभारी यशवंती व जितेंद्र कुमार ने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता का संदेश दिया। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को देश के प्रति, उत्साह, देशप्रेम और विकास कार्य लिए प्रेरित किया।

इस दौरान बताया गया है इंसान के लिए देश सबसे पहले होना चाहिए। देशभक्ति से बड़ी कोई चीज नहीं होती है। इस अवसर पर कालेज के अन्य प्राध्यापक प्रो. संध्या, प्रो. मीना, प्रो. सोनू भारद्वाज, प्रो. प्रदीप जांगड़ा, प्रो. रितु, प्रो. मुकेश, प्रो तन्वीर और प्रो. सोनू भारद्वाज इत्यादि मौजूद रहे।




कालेज परिसर में अमृत महोत्सव के तहत दौड़ में भागीदारी करती छात्राएं। • विज्ञप्ति।

**ENGLISH TRANSLATION (Fit India Freedom run from College Campus Badhra to Bhandwa Village on 28th August 2021)**

- On August 28, 2021, students of both the NSS units of the Government College for Women Badhra participated in Freedom Run under the Azadi Ka Amrit Mahotsav 75 program from college campus Badhra to Bhandwa Village

Celebration of India @ 75 Azadi ka Amrit Mahotsav
on 31/8/2021 → Singing and Poster-making Competition
01/9/2021 → Essay writing Competition by NSS
Unit - I & II

हिसार, गुरुवार 02 सितंबर, 2021 | 04

# निबंध स्पर्धा में प्रिया प्रथम, निशु द्वितीय

## आजादी का अमृत महोत्सव- इंडिया 75 कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता का आयोजन

भास्कर न्यूज। बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में स्वयं सेविका प्रिया ने प्रथम स्थान निशु ने द्वितीय तथा ऊषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट्स एक व दो द्वारा कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव- इंडिया 75 कार्यक्रम के तहत एनएसएस प्रभारी जितेन्द्र व यशवंती के नेतृत्व में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध के विषय आधुनिक भारत, राष्ट्रीय एकता एव स्वतंत्र भारत के लिए संघर्ष आदि रहें। इस प्रतियोगिता के दौरान स्वयं सेविकाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में स्वयं सेविका प्रिया ने प्रथम स्थान, निशु ने द्वितीय तथा ऊषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा देशभक्ति गीत प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान स्वयं-सेविकाओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए और पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता में भी सभी ने भाग लिया। देश भक्ति गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेनू, द्वितीय स्थान मनीषा एवं तृतीय स्थान अन्नु व ऊषा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो. मीना, प्रो. मनीषा, डॉ. मीना कुमारी, प्रो. प्रदीप, प्रो.संध्या, प्रो.रिंकू, प्रो. रितु, मि.आनंद, प्रो.तस्वीर, प्रो. मुकेश आदि उपस्थित रहे।



राजकीय महिला महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता में भाग लेती स्वयंसेविका।

( 7 सितम्बर, 2021 )

## स्लोगन लेखन में स्वयं सेविका प्रीति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



कॉलेज में प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं के साथ स्टाफ सदस्य।

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा की एनएसएस यूनिट एक व दो द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह का कार्यक्रम किया। जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह ने की। एनएसएस अधिकारी यशवंती व जितेन्द्र की देख-रेख में पौधारोपण व पोषण वाटिका का आयोजन किया। इसके साथ ही साथ गर्भवती महिलाओं के लिए पौष्टिक आहार से संबंधित स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में स्वयं सेविका प्रीति ने प्रथम स्थान, रेखा व प्रिया ने द्वितीय स्थान, शीतल व निकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यहां स्वयं सेविकाओं द्वारा समाज मे गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने के लिए जागृत किया गया और स्कूल, कालेज, आंगनवाड़ी और सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाने व उनकी देख-रेख करने का संकल्प लिया। यहां डॉ. अनिल, डॉ. मीना कुमारी, प्रो. मीना, प्रो. मुकेश, प्रो. रितु, प्रो. मनीषा, प्रो. कमलेश, प्रो. प्रियका आदि मौजूद थे।

16 सितम्बर, 2021

### चरखी दादरी

## राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने की योग क्रिया

# योग एक कला, जो शरीर-आत्मा व मन को एक साथ जोड़ता हैः प्रो. यशवंती

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट्स द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान गर्भवती महिलाओं, बच्चों और किशोर लड़कियों के लिए कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय प्रांगण में योग-सेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह ने की। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यशवंती व प्रो. जितेन्द्र के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। प्रो. यशवंती ने स्वयंसेविकाओं को जीवन में [illegible]



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में योग क्रिया करती स्वयंसेविका।

के लिए योग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि योग एक कला है जो शरीर, आत्मा और मन को एक साथ जोड़ता है। योग से शरीर को ऊर्जा मिलती है, मन शांत रहता है और विभिन्न रोगों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को सूक्ष्म व्यायाम की जानकारी दी तथा प्रो. कमल ने भी स्वयंसेविकाओं को प्राणायाम, वज्रासन, पश्चिमोत्तानासन और ताड़ासन आदि करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्वयंसेविका मोनिका ने गर्भवती महिलाओं के खान पान व साफ सफाई के बारे मे बताया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को हरी पतेदार सब्जियां व अंकुरित अनाज का अधिक से अधिक सेवन करना चाहिए। योग-सेशन के दौरान प्रो. पुष्पलता, प्रो. अनिल, प्रो. रितु, प्रो. मीना, प्रो. अनिता, प्रो. मनीषा, प्रो. कमलेश, प्रो. गरिमा, प्रो. पूनम, प्रो. प्रियंका आदि उपस्थित थे।

DELTA Pg No.

# भाषण में राधा ने प्रथम तो शीतल रानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

## गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर भी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

25 सितम्बर 2021

भास्कर न्यूज़। बाढड़ा

कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को एनएसएस इकाई एक व दो द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर यशवंती तथा प्रोफेसर जितेंद्र के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं दवारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्वयं सेविका राधा ने प्रथम तथा शीतल रानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पांच टीमें चुनी गई। हर टीम में तीन- तीन स्वयं सेविकाओं ने अपनी भागीदारी दी। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के दौरान पोषण तथा स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्न पूछे गए। टीम ई ने प्रथम स्थान, टीम सी ने द्वितीय स्थान तथा टीम ए ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के बाद विजेता स्वयं सेविकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा जीवन में पौष्टिक भोजन ग्रहण करने, स्वस्थ रहने तथा अपने आस-पास के वातावरण को साफ़ सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान प्रोफेसर कमल, प्रोफेसर रिंकू, प्रोफेसर संध्या, प्रोफेसर सोनू, प्रोफेसर उषा, प्रोफेसर पूनम तथा स्वयं सेविका कल्पना, प्रियंका, मोनिका, अनीशा, निकिता, सुमन आदि मौजूद थे।



आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विजेता टीम के साथ स्टाफ सदस्य।

ENGLISH TRANSLATION

Cleanliness campaign on 20 October 2021 by both NSS units in the adjoining area of the college.

20 October, 2021 (भास्कर)

## बाढड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय में सफाई अभियान की शुरुआत



बाढड़ा | राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वच्छ भारत अभियान 1 से 31 अक्टूबर के तहत कॉलेज परिसर में आज सफाई अभियान की शुरुआत की गई। महिला महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. सूबे सिंह की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी प्रोफेसर जितेंद्र कुमार व प्रोफेसर यशवंती के नेतृत्व में कालेज में सफाई का अभियान शुरू किया गया। महाविद्यालय की एनएसएस की दोनों इकाइयों में से इस कार्यक्रम में 80 स्वयं सेवकों ने भाग लिया। इससे पहले भी एनएसएस की दोनों इकाइयों ने अपने स्तर पर कालेज परिसर व आसपास के एरिया में समय-समय पर सफाई अभियान की शुरुआत की।

⇒ State NSS Camp at Chaudhary Ranbir Singh University Jind from 19-10-2021 to 25-10-21.

following two NSS volunteers participated in State NSS camp.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Pooja | B.Sc III | 3100120021 | [Unit – I] |
| 2 | Renu | B.Sc III | 3100120019 | |

Seen

Principal

हिसार, मंगलवार 26 अक्टूबर, 2021 | 02

## स्वयंसेविकाओं ने चलाया सफाई अभियान



**बाढड़ा|** राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट्स एक व दो की स्वयं सेविकाओं द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वच्छ भारत अभियान की मुहिम चलाई गई। मुहिम में 40 स्वयं सेविकाओं ने अपना योगदान दिया। इस अभियान के तहत सर्वधर्म धार्मिक स्थल सफाई का मुख्य केंद्र रहा। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर सूबे सिंह की अध्यक्षता में एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर जितेंद्र कुमार आर्य तथा प्रोफेसर यशवंती के नेतृत्व में इस अभियान को सफल बनाया गया।

13 अक्टूबर, 2021 (भास्कर)



राजकीय महिला कालेज में आयोजित संगोष्ठी में भाग लेतीं छात्राएं।

## स्वयं सेविकाओं ने स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से प्रेरणा लेने का किया आह्वान

**बाढड़ा|** राजकीय महिला महाविद्यालय में भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की दोनों एनएसएस इकाइयों के आयोजित इस कार्यक्रम में एनएसएस स्वयं सेविकाओं ने स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन और योगदान पर अपने देश भक्ति विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों द्वारा चयनित देशभक्ति विषय पर अपनी कविता और गीत भी प्रस्तुत किए गए। कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी प्रोफेसर यशवंती व प्रोफेसर जितेन्द्र के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं द्वारा मां सरस्वती की पूजा व एनएसएस गीत की प्रस्तुति के साथ हुआ। इस अवसर पर उन्होंने सभी स्वयं सेविकाओं में राष्ट्र की अखंडता के लिए काम करने के लिए उत्साह भरा। कोरोना की तीसरी लहर के दौर में अधिक सावधानी रखने और जिम्मेदार भारतीय की तरह कोविड के प्रोटोकॉल का ईमानदारी से पालन करने के लिए स्वयं सेविकाओं को जागृत किया गया।

31-10-2021 (भास्कर)

# महिला कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

**बाढड़ा|** राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस की यूनिट एक और दो की स्वयं सेविकाओं द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर सूबे सिंह की अध्यक्षता में एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर जितेंद्र कुमार आर्य तथा प्रोफेसर यशवंती के नेतृत्व में इस दिवस को सफल बनाया गया। इस दिवस के दौरान प्रोफेसर जितेंद्र आर्य ने लौह पुरुष वल्लभभाई पटेल के जीवन व उनके द्वारा देश को किस प्रकार एकता के सूत्र में पिरोया व उनके द्वारा भारत की एकता व अखंडता के लिए किस प्रकार योगदान किया व उनकी महिमा का गुणगान किया।

राष्ट्रीय एकता दिवस
(31-10-2021)

महाविद्यालय की एन. एस. एस. यूनिट्स द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी स्वयं सेविकाओं व स्टाफ सदस्यों द्वारा भारत की एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

(सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2021)
दिशा-निर्देशों के अनुसार दिनांक 26 अक्टूबर 2021 से 1 नवम्बर 2021 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया जिसकी थीम "स्वतंत्र भारत @ 75 : सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता" रहा। इस दौरान स्वयंसेविकाओं द्वारा सतर्कता जागरूकता प्रतिज्ञा ली गई।

→ Following NSS volunteers of Unit - I have Participated in Bharatiya Chhatra Sansad (India student's Parliament) from 23 to 28 September, 2021

(I) Manjeet B.A II (3073120033)
(II) Saroj B.A II (3073120156)
(III) Pooja B.A II (3073120017)

→ Following NSS volunteers of Unit - I have written Msg/ Poem/ article for "Ma Ganga" and get a Photo clicked with msg. Shared their photo with Namami Gange, On their face book Page event on I Nov. 2021.

⇒ Submission of Write-ups by NSS Volunteers for exhibition during the National Youth Festival - 2022.

Topic :- In English or Hindi (300 words)

1. India of My Dream - Vision @ 2047
मेरे सपनों का भारत @ 2047

2. Unsung Local Heroes of Freedom Movement
(स्वतंत्रता आंदोलन के गुमनाम नायक)

Following NSS Volunteers have written essay for the same :-

Unit — I (Volunteers)

(1) Sanju B.A. II (1200 18002006) Unit - I
(2) Suchita B.A II (1200 1800 2061) Unit - I
(3) Shiksha B.A I (Unit - II)
(4) Suman B.Sc II (Unit - I)
(5) Muskan B.Com II (Unit - I)
(6) Ankita Kumari B.A II (1200 18002066) (Unit - I)
(7) Priyanka B.Com II (1200 18003009) (Unit - I)
(8) Kiran B.A II (1200 1800 2246) (Unit - I)
(9) Anisha B.Sc II (52) Unit - I
(10) Anu B.Sc I (1210 1810 15023) (Unit - I)
(11) Priyanka B.Sc II (1200180 15031) (Unit - I)

⇒ National Integration Camp (16 - 22 Dec 2021)

* Kalpana B.A II 1200 1800 1032 Unit - I
* Manisha B.Sc III 3100 120022 Unit - II

Both these volunteers participated and attend National Integration Camp from 16 - 12 - 2021 to 22 - 12 - 2021 at CCSHAU Hisar.

And Kalpana got first position in skit competition this camp.

Date
DELTA Pg No.

NSS volunteers of Unit – I have registered themselves for "Nation Youth Festival" (NYF) 2022 on 12-01-2022 & 13-01-2022.

NSS volunteers of unit – I have registered themselves for "Surya Namaskar" January 14 7 AM onwards

⇒ AC

Unit – II

⇒ Kalpana (B.A II) → Attended Statelevel NSS Camp 16 NOV. 2021 — 22 NOV. 2021
And got 3rd position in skit Competition at CBLU Bhiwani
Class Roll No. - 1200180010 32

[signature]

Seen

Principal

Date
DELTA Pg No.

विश्व जल दिवस

22 मार्च 2022

भास्कर 23 मार्च 2022

# राजकीय कॉलेज में स्वयं सेविकाओं को जल बचाने की दिलवाई शपथ

बाढड़ा | राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट 1 व 2 द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में जल को बचाने का संकल्प लिया गया। प्रो. यशवती व प्रो. जितेन्द्र के मार्गदर्शन में स्वयं सेविकाओं ने शपथ लेते हुए कहा कि जल ही जीवन है तथा जल हमारे जीवन का आधार है। हम सभी को जल की एक-एक बूंद बचाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। आज के इस शुभ दिन पर हम सभी को यह प्रण लेना चाहिए कि हमे किसी भी तरह से जल को प्रदूषित होने से बचाना है।

दिनांक 22 मार्च 2022 को महाविद्यालय की NSS यूनिट I और II द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य श्री सूबे सिंह की अध्यक्षता में व कार्यक्रम प्रभारी प्रो० यशवंती और प्रो० जितेन्द्र के नेतृत्व में जल संरक्षण हेतु शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया।

न्यूज डायरी

संवाद न्यूज 23/03/22

## महाविद्यालय में चलाया जल बचाओ अभियान

बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट इकाई की ओर से विश्व जल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में विद्यार्थियों जल बचाने का संकल्प किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर यशवती व प्रोफेसर जितेंद्र ने कहा कि जल ही जीवन है। धरती पर पीने लायक जल की मात्रा बहुत कम है। संवाद

[signature]

Seen

31-03-2022

अमर उजाला

# स्लोगन स्पर्धा में प्रीति व भाषण में रेणू प्रथम

बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में मेरा वोट मेरा भविष्य विषय को लेकर सेमिनार करवाया गया। इसकी अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह की ने की व एनएसएस प्रभारी यशवंती और निर्वाचन क्लब की प्रभारी प्रोफेसर मीना की देखरेख में छात्राओं ने अपने विचार रखे।

**राजकीय महिला कॉलेज में मेरा वोट-मेरा भविष्य विषय पर सेमिनार**

यशवंती ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए। प्राचार्य सूबे सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान ने 18 वर्ष की आयु में वोट का अधिकार दिया है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। स्लोगन स्पर्धा में छात्रा प्रीति ने प्रथम व प्रियंका ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में छात्रा प्रीति प्रथम व निकिता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में छात्रा रेणू प्रथम, छात्रा रिंकू द्वितीय व पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संवाद

दैनिक भास्कर चरखी दादरी भास्कर 31-03-2022

# पोस्टर मेकिंग में प्रीति प्रथम



महिला महाविद्यालय में स्वयंसेविकाओं द्वारा बनाए पोस्टर दिखाते हुए।।

बाढड़ा| राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में तथा एनएसएस प्रभारी प्रो. यशवंती व निर्वाचन क्लब की प्रभारी प्रो. मीना के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार मेरा वोट मेरा भविष्य- एक वोट की ताकत विषय पर सेमिनार, स्लोगन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने एक वोट के महत्व पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता को निष्पक्ष होकर अपना वोट डालना चाहिए। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रीति छात्रा ने प्रथम व द्वितीय स्थान छात्रा प्रियंका ने प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में छात्रा प्रीति ने प्रथम स्थान, छात्रा निकिता ने द्वितीय स्थान व छात्रा संजू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता मे छात्रा रेणु ने प्रथम, छात्रा रिंकू ने द्वितीय, छात्रा सुमन और पूजा ने तृतीय स्थान किया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।


ENGLISH TRANSLATION

- Environmental preservation awareness Rally on 6 june 2022 by both NSS units in Badhra
- Plantation of trees in and around Jangis Dharamsala and Badhra temple.

दूसरा दिन (05-06-2022)

06 June 2022

# स्वयंसेविकाओं ने मनाया पर्यावरण दिवस



राजकीय महाविद्यालय में पर्यावरण संदेश यात्रा निकालती स्वयंसेविकाएं। संवाद

बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वयं सेविकाओं ने रविवार को शिविर के दूसरे दिन पर्यावरण दिवस मनाया। पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर पर्यावरण विषय पर स्लोगन लेखन स्पर्धा भी करवाई गई। इस स्पर्धा में स्वयंसेविका मनीषा को पहला और प्रीति ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरा स्थान संजू और मनजीत को मिला। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रभारी प्रो. यशवंती व प्रो. जितेंद्र के नेतृत्व में प्रातः कालीन सत्र में स्वयं सेविकाओं ने कॉलेज प्रांगण, जांगिड़ धर्मशाला तथा आसपास के क्षेत्र में 25 छायादार व 25 फलदार पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने की शपथ ली। इस दौरान जागरूकता

पांचवा दिन (8 जून 2022)

पांचवे दिन की शुरुआत महाविद्यालय के खेल मैदान की सफाई के साथ हुई। पौधों की अच्छी वृद्धि के लिए पौधों में पानी दिया गया। दोपहर बाद शिविर में इंस्पेक्टर श्री ओमप्रकाश मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे और 'सड़क सुरक्षा' विषय पर शिरकत की। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

दिनांक 09 जून 2022 (जागरण)

# थाना प्रभारी ने कालेज छात्राओं को यातायात नियम अपनाने के लिए किया जागरूक

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : दादरी यातायात थाना प्रभारी द्वारा [illegible] राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, एनएसएस शिविर के दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण के निर्देशानुसार यातायात थाना प्रभारी ओमप्रकाश द्वारा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान यातायात निरीक्षक ने विद्यार्थियों को बताया कि हर वर्ष लाखों लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवा देते हैं। यातायात नियमों की ठीक से पालना न करना तथा यातायात नियमों के प्रति लापरवाही बरतना सड़क हादसों का मुख्य कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को जागरूकता के साथ यातायात नियमों [illegible] चाहिए। उन्होंने कहा [illegible]



कालेज में ट्रैफिक निरीक्षक ओमप्रकाश को स्मृति चिह्न भेंट करते स्टाफ सदस्य। ● विज्ञप्ति

करने वालों पर पुलिस द्वारा सख्ती बरतते हुए चालान भी किए जा रहे हैं। यातायात निरीक्षक ओमप्रकाश ने कहा कि अभिभावक 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बाइक व अन्य वाहन सार्वजनिक स्थानों पर चलाने के लिए ना दें। इससे बच्चों व दूसरे लोगों को भी खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि वाहन चलाना सीखते समय वाहन के पीछे एल का निशान जरूर लगवाएं। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। ये दो सुरक्षा कवच दुर्घटना होने की स्थिति में काफी बचाव करते हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित गति में ही वाहन चलाएं। यातायात चिह्नों व नियमों की पालना कर खुद को व दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

01 जून 2022 (भास्कर)

# अपना और दूसरों का जीवन बचाएं यातायात के नियमों का पालन करें

## छात्राओं को ट्रैफिक नियमों से करवाया अवगत

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

जांगड़ा धर्मशाला में आयोजित एनएसएस कैंप में महिला कॉलेज की छात्राओं को निरीक्षक ट्रैफिक ओमप्रकाश द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया।

इस दौरान ट्रैफिक निरीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि लाखों लोग अपनी जिन्दगी को हर वर्ष सड़क दुर्घटना गंवा देते है जिसका एक ही कारण, ट्रैफिक नियमों की पालना ठीक से नहीं करना या ट्रैफिक नियमों के प्रति लापरवाही है, जिस लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटना में लाखों लोग मारे जाते हैं। हमें उन ट्रैफिक नियमों के प्रति सक्रिय होकर नियमों की पालना करनी चाहिए। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों पर सख्ती बरतते हुए चालान किये जा रहे हैं और चालान करने का मुख्य उदेश्य यही है कि लोग ट्रैफिक नियमों बारे खुद को जागरूक करें। ट्रैफिक निरीक्षक ने कहा कि माता-पिता छोटे बच्चों को वाहन चलाने के लिए ना दें।

11 जून 2022 ( छठा दिन)

शिविर के छठे दिन स्वंय सेविकाओं ने प्रात: कालीन सत्र में बाढ़ड़ा में स्थित हनुमान मंदिर में सफाई अभियान चलाया। स्वंय सेविका प्रीति ने योग कक्षा का आयोजन किया। दोपहर बाद शिविर में प्राथमिक सहायता प्रशिक्षक श्री अनूप सिंह पंचाल मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे। उन्होंने स्वंयसेविकाओं को प्राथमिक उपचार के सिद्धांतों तथा आवश्यक बातों से अवगत कराया।

10-6-2022

## स्वयंसेविकाओं को प्राथमिक उपचार की दी जानकारी




महाविद्यालय बाढड़ा में एनएसएस के छठे दिन

बाढड़ा। कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में एनएसएस के छठे दिन स्वयंसेविकाओं ने प्रातः कालीन सत्र में बाढड़ा स्थित हनुमान मंदिर में सफाई अभियान चलाया। इसके बाद स्वयंसेविका प्रीति ने योग कक्षा लगाई। उनको स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया। दोपहर बाद शिविर में प्राथमिक सहायता प्रशिक्षक अनूप सिंह पचाल, रेडक्रॉस सोसायटी भिवानी से मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे। अनूप सिंह ने प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम प्रभारी प्रोफेसर यशवंती, ...फेसर जितेंद्र, प्रोफेसर कमल, प्रोफेसर सोनू ने अनूप सिंह का धन्यवाद किया। संवाद

22 जून 2022

# प्रवीन योगी ने करवाया योगाभ्यास

## छात्राओं को योग का महत्व बताया



कन्या कालेज में योग शिविर में भागेदारी करती छात्राएं। ● जागरण

संवाद सहयोगी, बाढड़ा : उच्चतर शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में आयोजित योग शिविर में सभी छात्राओं ने भाग लिया। प्रवीन योगी बेरला ने सभी को योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रवीन आर्य ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग करने से हमारा तनाव दूर होता है व मन प्रसन्न रहना है। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न आसन, प्राणायाम इत्यादि के अभ्यास से हम अपने तन व मन को स्वस्थ रख सकते हैं। सुबह योग व दिन भर कर्म योग के महत्व से प्रवीन योगी ने अवगत कराया। योगाभ्यास के दौरान एनएसएस प्रभारी प्रो. जितेंद्र, प्रो. यशवंती, प्रो रिंकू, प्रो. [illegible]ना, प्रो. कमलेश, प्रो. मनीषा, प्रो. [illegible]ता, प्रो. रितु, प्रो. सोनू, प्रो. आनंद, प्रो. [illegible], प्रो. प्रदीप इत्यादि भी उपस्थित रहे।

National Service Scheme

Not Me But You

Government College For Women

Badhra, Ch. Dadri

Unit — 1.

Activity Register

From July 2022 to June 2023

&

From July 2023 to

N.S.S. Programme Officer — Yeshwanti

Celebration of "Har Ghar Tiranga" Programme

"हर घर तिरंगा" कार्यक्रम

* On 06-08-2022

महाविद्यालय की NSS इकाई I और II द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत स्लोगन लेखन तथा चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

07-08-2022 (भास्कर)

# स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रीती प्रथम, कोशिल रही द्वितीय

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट्स द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत स्लोगन लेखन तथा चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्राचार्य सुबेसिंह की अध्यक्षता में व एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी प्रो. यशवंती तथा आजादी के अमृत महोत्सव की नोडल अधिकारी प्रो.मीना के नेतृत्व में किया गया। सुबेसिंह ने छात्राओं को बताया कि स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने की खुशी में पूरे भारत देश में आजादी का अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हमें अपने घरों पर तिरंगा फहराना है और नागरिकों के बीच जागरूकता को बढ़ावा देकर देशभक्ति का आह्वान करना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है। स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान स्वयं सेविका प्रीति, द्वितीय स्थान रेनू तथा तृतीय स्थान सुमन और अनीशा ने प्राप्त किया। चित्रकारी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वयंसेविका प्रीति, द्वितीय स्थान कोशिल तथा तृतीय स्थान रचना ने प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार, डॉ. मनीषा लाठर, प्रो.तस्वीर, जयवीर, स्वयं सविका सुमन, रेनू, मनजीत व प्रीति आदि उपस्थित रहे।



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्रा प्रतियोगिता में बनाए गए स्लोगन व चित्रकारी दिखाते हुए।

# राजकीय महिला कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता में रिंकू प्रथम स्थान पर रही

भास्कर न्यूज | बाढड़ा 14-08-2022

राजकीय महिला महाविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन कार्यकारी प्राचार्य सुबेसिंह की अध्यक्षता में व एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी प्रो. यशवंती तथा आजादी के अमृत महोत्सव की नोडल अधिकारी प्रो.मीना के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता के दौरान कालेज की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिंकू, द्वितीय स्थान जूली व तृतीय स्थान प्रियंका ने प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. गुणपाल सिंह, डॉ. मीना कुमारी, प्रो.रिंकू, डॉ. अनिल कुमार, प्रो. कमलेश, प्रो. मनीषा लाठर, प्रो. रितु आदि उपस्थित रहे।

**आमृत महोत्सव के तहत प्रोग्राम**

---

Date: Page:

* 13-08-2022 को राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा की एन. एस. एस इकाई I और II द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य सुबेसिंह की अध्यक्षता में व एन. एस. एस. कार्यक्रम प्रभारी प्रो० यशवंती तथा आजादी के अमृत महोत्सव की नोडल अधिकारी प्रो० मीना के नेतृत्व में किया गया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

13-08-2022 से 15-08-2022 तक महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों तथा स्वंयसेविकाओं द्वारा झंडा फहराया गया।

10-08-2022 को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

Seen

Titual

Principal





08-09-2022

# कालेज की छात्राओं को फसल अवशेष प्रबंधन की दी जानकारी



राजकीय महिला महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण पर बनाए गए पोस्टरों के साथ छात्राएं।

संवाद सहयोगी, बाढड़ा : बाढड़ा कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं को फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए प्रदूषण बचाने का आह्वान किया गया। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी प्रो. दशर्वती तथा प्रो. जितेंद्र के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं द्वारा खेतों में फसल अवशेष ना जलाने की शपथ ली गई। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने के कारण मिट्टी में उपलब्ध जरूरी पोषक तत्व नष्ट हो जाते है और नाइट्रोजन की कमी हो जाती है। जिसके कारण फसलों का उत्पादन घट जाता है और वातावरण में हानिकारक गैसों के फैलने से मनुष्य के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। आंखों व नाक व गले में समस्या होती है स्वयं सेविकाओं ने कहा कि फसल कटाई के बाद अवशेष को खेतों में नहीं जलाना चाहिए।

07-09-2022

राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वंयसेविकाओं ने खेतों में फसल अवशेष न जलाने के लिए ली शपथ।
इस अवसर पर स्वंयसेविकाओं के मध्य फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। शपथ के दौरान सभी स्टाफ सदस्य और स्वंयसेविकाएं मौजूद रहे।

Seen

Principal

08-09-2022
(शपथ)

# पर्यावरण को बचाने के लिए फसल अवशेष न जलाने की ली शपथ

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं को फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य सुबे सिंह की अध्यक्षता में किया गया। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी प्रो.यशवंती तथा प्रो. जितेन्द्र के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं द्वारा खेतों में फसल अवशेष न जलाने की शपथ ली गई।

उन्होंने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि फसल अवशेष जलाने के कारण मिट्टी में उपलब्ध जरूरी पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और नाइट्रोजन की कमी हो जाती है जिसके कारण फसलों का उत्पादन घट जाता है और वातावरण में हानिकारक गैसों के फैलने से मनुष्य के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। आंखों में जलन तथा नाक व गले में समस्या होती है जिसके कारण अस्थमा, दमा व सांस की बीमारी बढ़ती है। स्वयं सेविकाओं ने शपथ लेते हुए कहा कि फसल कटाई के बाद फसल अवशेष को खेतों में नहीं जलाने के लिए हम अपने परिवारजनों, सगे- संबंधियों तथा समाज व गांव के सभी लोगों को प्रेरित करेंगी, साथ ही फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार रूप से बताएंगी और फसल अवशेष प्रबंधन के लिए उन्हें प्रेरित करेंगी। इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं के मध्य फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। शपथ के दौरान सभी स्टाफ सदस्य तथा स्वयंसेविकाएं मौजूद रहीं।



राजकीय महिला महाविद्यालय की स्वयं सेविकाएं फसल अवशेष ना जलाने की शपथ लेते हुए।

# कार्यक्रम में प्रदूषण बचाने का संकल्प लिया

■ स्वयं सेविकाओं ने खेतों में फसल अवशेष न जलाने के लिए ली शपथ



कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय पर्यावरण बचाने का संकल्प लेती छात्राएं।

Seen

Principal

राष्ट्रीय पोषण माह 2022

21-09-2022

# उत्तम पोषाहार स्वस्थ जीवन का आधार, हरी सब्जियों के सेवन से रहेंगे तंदुरुस्त : गीता



**नारी शक्ति पुरस्कार के लिए 31 अक्टूबर तक करें आवेदन**

# उत्तम पोषाहार स्वस्थ जीवन का आधार: गीता

## महिलाओं व छात्राओं को कहा, हरी सब्जियों और फलों का सेवन कर खुद को रखें तंदुरुस्त

21-09-2022

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उपायुक्त प्रीति के मार्गदर्शन में जिला में चलाए जा रहे पोषण माह के तहत मंगलवार को बाढड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय में पोषण आहार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारन ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं व छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तम पोषाहार ही स्वस्थ जीवन का आधार है। हरी सब्जियों और फलों का सेवन कर खुद को तंदुरुस्त रखें। जिले में आगामी 30 सितम्बर तक पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को पोषण के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए आहार में फल, सब्जियां एवं मोटा अनाज शामिल करें। किशोरी बालिकाओं के आहार में आयरन युक्त भोजन के लिए अंकुरित दाल, हरी पत्तेदार सब्जियां, सूखे मेवे, सोयाबीन इत्यादि शामिल करें। बच्चों के पूर्ण शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ सही पोषण का भी ज्ञान दें। फल, सब्जी आदि को खुले हुए नल के नीचे धोने की बजाए बर्तन में पानी डालकर धोएं तथा बारिश के पानी का संचयन करें। कार्यक्रम में उपस्थित गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई कार्यक्रम भी आयोजन किया गया तथा 6 माह से ऊपर के बच्चों को सम्पूर्ण आहार देने बारे भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य सुबे सिंह, प्रो. जितेन्द्र, मीना, जयवंती और सुपरवाइजर अनीता सहित महिलाएं व कॉलेज छात्राएं उपस्थित थी।



जानकारी देती महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारन।

## राष्ट्रीय पोषण माह 2022

20 सितंबर 2022 को एन एस एस. यूनिट I और II द्वारा "राष्ट्रीय पोषण माह 2022" कार्यक्रम के तहत आचार्य श्री सुबेसिंह की अध्यक्षता में प्रो० यशवंती तथा प्रो० जितेन्द्र के नेतृत्व में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया गया जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला अधिकारी श्रीमती गीता सहारन स्वंयसेविकाओं के बीच पंहुची। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय पोषण मिशन भारत का प्रमुख कार्यक्रम है जिसे 6 साल तक के बच्चों, किशोर लड़कियों तथा गर्भवती व स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में सुधार करने के लिए मार्च 2018 में शुरु किया गया था। इस साल हम सभी पांचवा राष्ट्रीय पोषण माह 2022 मनाने जा रहे हैं जिसका मुख्य उद्देश्य "महिला और स्वास्थ्य" तथा "बच्चा और शिक्षा" पर ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने स्वंयसेविकाओं को आम लोगों के बीच पोषण व शिक्षा को लेकर जागरूकता उत्पन्न करने की प्रेरणा दी। प्रो० जितेन्द्र तथा प्रो० यशवंती ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्वंयसेविकाओं को अपने आस - पड़ोस, समाज के सभी लोगों को संतुलित आहार लेने तथा इससे होने वाले फायदे समझाने के लिए प्रेरित किया। श्रीमती गीता सहारन ने पोषण अभियान के तहत महाविद्यालय में उपस्थित गर्भवती महिलाओं की गोद भराई के कार्यक्रमों का आयोजन भी किया।

Seen

[signature]

Principal

One Day NSS Camp

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में 12-10-2022 को एन० एस० एस० यूनिट – I द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। एक दिवसीय शिविर की शुरुआत प्राचार्य सुबे सिंह की अध्यक्षता में तथा सहायक प्रो० यशवन्ती (कार्यक्रम अधिकारी) के नेतृत्व में एन० एस० एस० तालियों तथा एन० एस० एस० लक्ष्य गीत के साथ की।

13-10-2022

# एक दिवसीय शिविर के दौरान चलाया स्वच्छता अभियान




*महाविद्यालय को पॉलीथिन व प्लास्टिक मुक्त बनाने वाली राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट वन की छात्राएं तथा करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेंहदी प्रतियोगिता में भाग लेती हुई छात्राएं।*

बाढड़ा, 12 अक्तूबर (पंकेस): राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट वन द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्राचार्य सुबे सिंह की अध्यक्षता में व एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्रो. यशवंती के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर की शुरूआत एन.एस.एस. तालियों तथा एन.एस.एस. लक्ष्य गीत गाकर की गई।

एक दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय को पॉलीथिन व प्लास्टिक मुक्त बनाना था। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यशवंती ने स्वयं सेविकाओं के अलग-अलग समूह बनाकर महाविद्यालय को स्वच्छ व साफ-सुथरा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने स्वयं सेविकाओं को बायोडिग्रेडेबल वेस्ट तथा नॉन बायोडिग्रेडेबल वेस्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमें इन दो प्रकार की वेस्ट को अलग-अलग कूड़ेदान में एकत्रित करना चाहिए।

उन्होंने स्वयं सेविकाओं से अपील की कि वो अपने परिवार, समाज और गांव के लोगों को पॉलिथीन की बजाए कपड़े के बैग इस्तेमाल करने के लिए जागरूक करें। दोपहर बाद स्वच्छ भारत अभियान विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में स्वयंसेविका किरण ने प्रथम स्थान तथा राधा ने द्वितीय स्थान ने प्राप्त किया और उनको पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. रिंकू के नेतृत्व में करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी छात्राओं ने अपनी कलाकृति के द्वारा मेहंदी के अच्छे डिजाइन बनाए। इस अवसर पर सभी महिला स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

एक दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय को प्लास्टिक व पॉलीथीन मुक्त बनाना था। स्वंयसेविकाओं द्वारा शपथ ग्रहण तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

ENGLISH TRANSLATION

- Awareness Rally on Harmful effects of plastics by NSS cell of the college in the one day Camp on 13/10/2022
- And cleanliness Campaign in Badhra by removing and segregating plastic waste and also guiding the local people about it.



13-10-2022

चरखी दादरी

अभियान • राजकीय महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय शिविर के दौरान की सफाई

# पर्यावरण को प्लास्टिक और प्रदूषण मुक्त बनाने का लिया संकल्प, मेहंदी प्रतियोगिता भी करवाई

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट वन द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्राचार्य सुबे सिंह की अध्यक्षता में व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्रो. यशवंती के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर की शुरुआत एनएसएस तालियाँ तथा एनएसएस लक्ष्य गीत गाकर की गई। इस एक दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय को पॉलीथिन व प्लास्टिक मुक्त बनाना था। कार्यक्रम अधिकारी प्रो.यशवंती ने स्वयं सेविकाओं के अलग-अलग समूह बनाकर महाविद्यालय को स्वच्छ व साफ-सुथरा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को बायोडिग्रेडेबल वेस्ट तथा नॉन बायोडिग्रेडेबल वेस्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमें इन दो प्रकार की वेस्ट को अलग-अलग कूड़ेदान में एकत्रित करना चाहिए। उन्होंने स्वयं सेविकाओं से अपील की कि वो अपने परिवार,समाज और गांव के लोगों को पॉलिथीन की बजाए कपड़े के थैले इस्तेमाल करने के लिए जागरूक करेंगी ताकि आने वाली पीढ़ी को हम एक सुरक्षित वातावरण प्रदान कर सकें और उनको अनेक भयंकर बीमारियों से बचा सकें। स्वच्छता ही सेवा है इस भाव से स्वयं सेविकाओं को जागरूक किया गया और उनको बताया गया कि स्वच्छ भारत अभियान की वास्तविक सफलता आम लोगों से जुड़ी है। इसलिए सभी आम लोगों को सामाजिक और व्यक्तिगत साफ-सफाई के प्रति अधिक संवेदनशील होने की जरूरत है।

बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राएं पर्यावरण को प्लास्टिक तथा प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लेते हुए व इस दौरान मेहंदी स्पर्धा भी हुई।

## मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में प्राचार्य सुबे सिंह की अध्यक्षता में व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. रिंकू के नेतृत्व में करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सभी छात्राओं ने अपनी कलाकृति के द्वारा मेंहदी के अच्छे डिजाइन बनाए। इस अवसर पर सभी महिला स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

(Mega Sawachhta 2.0) on 19-10-2022
Clean India Programme

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा की एन. एस. एस. यूनिट I और II की स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वच्छ भारत अभियान 2.0 के तहत बाढड़ा गांव में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयं सेविकाओं ने गांव बाढड़ा के हनुमान मंदिर, बस स्टैंड, सरकारी स्कूल, सरकारी अस्पताल, क्रांतिकारी चौक, झुग्गी-झोंपड़ी बस्ती, दादरी-लोहारू रोड, बाजार तथा गलियों आदि को पॉलीथीन व प्लास्टिक मुक्त बनाया।

## स्वयं सेविकाओं ने गलियों से लेकर झुग्गी-झोंपड़ी बस्ती में सफाई प्रति किया जागरूक



बाढड़ा नगर की गलियों से कूड़ा उठाती व सफाई करती स्वयं सेविकाएं तथा झुग्गी-झोंपड़ी बस्ती को कचरा मुक्त करती हुईं।

बाढड़ा, 19 अक्तूबर (प्रतिः): राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा की एन.एस.एस. यूनिट 1-2 की सभी स्वयं सेविकाओं द्वारा स्वच्छ भारत अभियान 2.0 के तहत गांव बाढड़ा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का संचालन प्राचार्य सुबे सिंह के निर्देशन तथा एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्रोफेसर यशवंती तथा प्रो. जितेन्द्र के नेतृत्व में किया गया।

स्वयं सेविकाओं ने गांव बाढड़ा के हनुमान मंदिर, बस स्टैंड, सरकारी अस्पताल, क्रांतिकारी चौक, झुग्गी-झोंपड़ी बस्ती, दादरी लोहारू रोड, बाजार तथा गलियों आदि को पॉलीथिन व प्लास्टिक मुक्त बनाया तथा साफ-सफाई के बाद कूड़े कचरे को एक जगह पर एकत्रित किया। रैली के माध्यम से स्वयं सेविकाओं ने गांव बाढड़ा के लोगों को पॉलीथिन और प्लास्टिक से बनी हुई चीजों का इस्तेमाल न करने व अपने आस-पास ... के लिए जागरूकता ...

स्वच्छ भारत अभि... महाविद्यालय ... स्वयंसेविकाओं ने ... भूमिका निभाई और ... आसपास पानी के ... तालाब, टैंक आदि ... के लिए प्रेरित किया। अभियान दौरान महाविद्यालय के डा. गुणपाल सिंह, डा. सोनू, प्रो. कमल, जयवीर, दीपक, सुमित, विशाल आदि उपस्थित रहे।

वहीं दूसरी तरफ महिला महाविद्यालय झोझू कलां की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के तत्वाधान ... खेल मंत्रालय द्वारा ... भारत अभियान के ... स्वच्छता अभियान ... अवसर पर शिक्षण ... धर्मवीर सिंह, मांगे ... स्टाफ सदस्य डा. ... मंजीत व डा. पूनम ...

Clean India Campaign on 19/10/2022 in the slum area in Badhra under Mega Swachta Drive 2.0) by NSS units of the college

## स्वयंसेवकों ने शहर में चलाया मैगा स्वच्छता अभियान

लोहारू (प्रदीप): चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय लोहारू के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों की दोनों यूनिट्स के सौजन्य से कॉलेज परिसर और शहर में सार्वजनिक स्थानों पर मैगा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस अभियान में स्वयंसेवकों द्वारा प्लास्टिक और पॉलीथिन अपशिष्ट पदार्थों को इकट्ठा किया गया और नगरपालिका लोहारू को व्यर्थ प्लास्टिक एवं पॉलीथिन कचरा सुपुर्द किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. जगमेश कुमार जाखड़ ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मैगा स्वच्छता अभियान के महत्व से परिचित करवाया।

कार्यक्रम में एन.एस.एस. यूनिट-1 के कार्यक्रम अधिकारी डा. सुरबीर सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि ... का कार्यक्रम भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के निर्देश पर हरियाणा, जम्मू-कश्मीर लद्दाख और दिल्ली में एक साथ आयोजित किया जा रहा है।

एन.एस.एस. यूनिट-2 कार्यक्रम अधिकारी डा. सीमा कादल ने स्वयंसेवकों को श्रमदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना में श्रमदान और अनुशासन का विशेष महत्व है जो विद्यार्थी को भविष्य के लिए एक अच्छे नागरिक के रूप में तैयार करता है। इस मौके पर डा. मुकेश कुमार, चहल, डा. संदीप भारद्वाज, डा. राज बाला, डा. वीरेंद्र सिंह, सरिता, सुशील गौतम आदि उपस्थित रहे।



सार्वजनिक स्थान पर मैगा स्वच्छता अभियान चलाते हुए स्वयंसेवक।

## स्वयंसेविकाओं ने सफाई अभियान चलाया

बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट एक व दो की सभी स्वयं सेविकाओं द्वारा स्वच्छ भारत अभियान 2.0 के तहत गांव व कस्बे में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। अभियान का संचालन प्राचार्य सुबे सिंह के निर्देशन में तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्रोफेसर यशवंती तथा प्रो. जितेन्द्र के नेतृत्व में किया गया। स्वयं सेविकाओं ने गांव बाढड़ा के हनुमान मंदिर, बस स्टैंड, सरकारी अस्पताल, क्रांतिकारी चौक, झुग्गी-झोपड़ी बस्ती, दादरी लोहारू रोड, बाजार तथा गलियों आदि को पॉलीथिन ... प्लास्टिक मुक्त बनाया तथा साफ... सफाई के बाद कूड़े कचरे को ए... जगह पर एकत्रित किया।

Seen

Principal

01-11-2022

# महिला कालेज में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया

**बाढड़ा।** कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालयमें आज राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को महापुरुषों के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। कालेज परिसर में प्रधानाचार्य श्री सूबे सिंह के निर्देशन में तथा एनएसएस प्रभारी श्रीमान जितेंद्र कुमार ,श्रीमती यशवंती जी के नेतृत्व मे तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस पर सभी एनएसएस स्वयं सेविकाओ द्वारा शपथ ली गई और उसके बाद स्वयं सेविकाओं द्वारा दो किमी तक रन फोर यूनिटी का आयोजन किया। इसमें देश भक्ति के नारे लगाए गये। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य पर श्रीमती अनीता जी द्वारा भाषण दिया गया। इस अवसर पर डा. पूनम जी, आनंदजी, तस्वीर जी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय एकता दिवस के इस उपलक्ष्य में अनीता, सुनीता, सविता,सुमन आदि छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया ।

राष्ट्रीय एकता दिवस (31-10-2022)

राजकीय महिला महाविद्यालय में 31-10-2022 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। सभी स्वयंसेविकाओं द्वारा दो किमी तक रन फोर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शपथ ग्रहण भी आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एन. एस. एस. प्रभारी श्रीमती यशवंती तथा श्री जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर श्रीमती अनीता, डॉ० पूनम, आनंद तथा तस्वीर आदि उपस्थित रहे।

On 01-10-2022 Attended IFMS Training at CBLU Bhiwani.

Seen

Principal

संविधान दिवस (26-11-2022)

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में 26 नवम्बर 2022 को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यकारी प्राचार्य श्री सुबेसिंह की अध्यक्षता में व कार्यक्रम प्रभारी प्रो० यशवंती तथा प्रो० जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में स्वंयसेविकाओं को राष्ट्रीय एकता और अखंडता सुनिश्चित करने तथा संविधान के प्रति कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ० अनिल कुमार, प्रो० मीना, प्रो० कमल, प्रो० सोनू, प्रो० मनीषा लाठर, प्रो० कमलेश, जयवीर आदि उपस्थित रहे।

[signature]

Seen

Principal



संविधान दिवस के अवसर कार्यक्रम में शपथ लेती एनएसएस स्वयंसेविकाएं।

# स्वयंसेविकाओं ने ली राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में शनिवार को एनएसएस प्रथम व द्वितीय इकाई के तत्वाधान में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी प्रो. यशवंती व प्रो. जितेन्द्र कुमार के निर्देशन में स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय एकता और अखंडता सुनिश्चित करने तथा संविधान के प्रति कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई।

प्रो. यशवंती व प्रो. जितेन्द्र कुमार ने स्वयं सेविकाओं को बताया कि हम सभी को भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। उन्होंने शपथ दिलाई की सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर प्राप्त करने का समान अधिकार है। समानता प्राप्त कराने के लिए तथा सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता व अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। इस दौरान डा.अनिल कुमार, प्रो. मीना, प्रो. कमल, प्रो. सोनू, प्रो. मनीषा, प्रो.कमलेश, जयवीर, स्वयंसेविका प्रिया, अनीशा, सुमन, अन्नु आदि उपस्थित रहे।

(29- 11- 2022)

पोस्टर मेकिंग और निबंध प्रतियोगिता

29-11-2022 को महाविद्यालय में प्राचार्य श्री सुबेसिंह की अध्यक्षता तथा ड्रग्स प्रीवेंशन के नोडल अधिकारी डॉ॰ गुणपाल सिंह व कार्यक्रम प्रभारी प्रो॰ यशवंती तथा प्रो॰ जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में नशीली दवाओं की रोकथाम विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में स्वंयसेविका अनिषा ने प्रथम, कल्पना ने द्वितीय तथा पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वंयसेविका पूजा, द्वितीय स्थान प्रिया तथा तृतीय स्थान स्वंयसेविका सुमन और आन्चुकी ने हासिल किया। इस अवसर पर प्रो॰ रिंकू, प्रो॰ मीना, प्रो॰ कमलेश, प्रो॰ मनीषा लाठर, प्रो॰ आनंद, डॉ॰ सोनू आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

Seen

Principal

* Motivated NSS Volunteers for National Integration Camp

→ Kiran (B.A III) Participated in NIC from 23 November 2022 to 29 Nov. 2022 at BRCM Bahal.

Seen

Principal

# राजकीय महिला कॉलेज में हुई निबंध प्रतियोगिता

30-11-2022

जगत क्रांति ▶▶ बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में व ड्रग्स प्रीवेंशन के नोडल अधिकारी डा. गुणपाल सिंह तथा एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी प्रो. यशवंती व प्रो. जितेन्द्र के नेतृत्व में नशीली दवाओं की रोकथाम विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से स्वयं सेविकाओं ने संदेश दिया कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग हमारी स्वास्थ्य सुरक्षा, शांति और विकास को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में स्वयंसेविका अनिषा ने प्रथम, कल्पना ने द्वितीय स्थान तथा पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वयं सेविका पूजा, द्वितीय स्थान स्वयंसेविका प्रिया तथा तृतीय स्थान स्वयं सेविका सुमन और आचुकी ने हासिल किया। इस दौरान प्रो. रिंकु, मीना, कमलेश, मनीषा, आनन्द, सोनू आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।



सड़क सुरक्षा अभियान
(09-12-2022)

09-12-2022 को महाविद्यालय बाढड़ा में श्री सुकेश की अध्यक्षता में व इलक्ट्रोल क्लब प्रभारी प्रो० मीना के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। एन. एस. एस. प्रभारी प्रो० यशवंती के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत महाविद्यालय की सभी छात्राओं को शपथ दिलाई गई व छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ० गुणपाल सिंह, डॉ० मनीषा लाठर, डॉ० कमलेश, डॉ० पूनम, प्रो० उषा आदि उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा अभियान के तहत महिला महाविद्यालय की छात्राओं को दिलाई शपथ

## ■ मतदाता जागरूकता विषय पर भाषण, निबंध व रंगोली प्रतियोगिता

10-12-2023

बाढड़ा। कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय में इलक्ट्रोल क्लब प्रभारी प्रो. मीना के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता विषय पर भाषण, निबंध व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व इस दौरान एनएसएस प्रभारी प्रो. यंशवती के नेतृत्व में सड़कसुरक्षा अभियान के तहत महाविद्यालय की सभी छात्राओं को शपथ दिलाई गई व छात्राओं को सड़कसुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी दी गई।

मतदाता जागरुकता विषय पर महाविद्यालय की पांच दर्जन से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में निबंध लेखन प्रतियोगिता में एम ए द्वितीय वर्ष की छात्रा मोनिका ने प्रथम स्थान, बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा अनिशा ने द्वितीय स्थान व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मीनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा प्रीति ने व द्वितीय स्थान बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा प्रिया ने व तृतीय स्थान बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा विनीत ने हासिल किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी काम. द्वितीय वर्ष की छात्रा सुनीता ने व द्वितीय स्थान बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा पूजा ने व तृतीय स्थान बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रीति ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो. मनीषा लाठर, प्रो. कमलेश, प्रो. पूनम, प्रो. उषा आदि उपस्थित रहें।



सड़क सुरक्षा अभियान के तहत महाविद्यालय में छात्राओं को शपथ दिलवाती एन.एस.एस. प्रभारी प्रो. यंशवती।

## झोझूकलां महिला महाविद्यालय में सड़कसुरक्षा अभियान चलाया

महिला महाविद्यालय झोझूकलां के एन.एस.एस. इकाइयों द्वारा सड़कसुरक्षा अभियान चलाया गया। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित इस अभियान के अन्तर्गत स्वंयसेविकाओं ने सड़कसुरक्षा नियमों को अपनाने की शपथ ली तथा कार्यक्रम अधिकारी डा. सुदेश ने की। इस अवसर पर स्वंयसेविकाओं को सड़कसुरक्षा के नियमों की जानकारी दी और इन नियमों को अपनाने का आह्वान किया। यूथ रैड क्रॉस, रैड रिबन क्लब और एन.एस.एस. यूनिट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में स्वंयसेविकाओं ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। एड्स जागरूकता माह के अन्तर्गत स्वंयसेविकाओं ने रिबन बना कर एड्स के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. अनूप सांगवान, कार्यक्रम अधिकारी वन्दना बैनीवाल, अन्य स्टाफ सदस्य और स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।

Seen

Principal

राष्ट्रीय युवा दिवस
(12-01-2023)

12-01-2023 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में स्वयंसेविका प्रीती ने प्रथम, सुमन ने द्वितीय तथा पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में स्वयंसेविका अंशु ने प्रथम, भतेरी व कुसुमलता ने द्वितीय तथा अनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर योगाचार्य बिशन सिंह आर्य, ब्रह्माकुमारी निर्मला, शशि, सुनील कुमार, राजेश कुमार, डॉ॰ मीना कुमारी, प्रो॰ मीना, प्रो॰ कमलेश, प्रो॰ मनीषा, प्रो॰ प्रियंका तथा योगशिविर कार्यक्रम की संयोजिका प्रो॰ रिंकू आदि उपस्थित रहे।

[signature]

Seen

Principal

# राष्ट्रीय युवा दिवस: महिला कालेज में स्पर्धा आयोजित

13-01-2023

संवाद सहयोगी, बाढड़ा : कस्बा बाढड़ा स्थित महिला महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ व एनएसएस की तरफ से वीरवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में समाज निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर विचार गोष्ठी, भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। योग शिविर कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. रिंकू व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यशवंती के निर्देशन में योगाचार्य बिशन सिंह आर्य, ब्रह्माकुमारी निर्मला, शशि, सुनील कुमार, राजेश कुमार, डा. मीना, प्रो. मीना, प्रो. कमलेश, प्रो. मनीषा, प्रो. प्रियंका इत्यादि ने स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। योग शिविर में उपस्थित छात्राओं ने ध्यानात्मक क्रिया करने के बाद विचार गोष्ठी में भाग लिया। विचार गोष्ठी में विचार प्रकट करते हुए बिशन सिंह आर्य ने कहा कि युवा समाज में बदलाव का प्रतीक है। वह बदलाव सकारात्मक भी हो सकता है और नकारात्मक भी। युवा जोश, साहस और ऊर्जा से लबरेज होता है। देश की आजादी में भी खुदीराम बोस, मंगल पांडे, भगत सिंह, उधम सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल जैसे युवाओं ने अपने प्राणों की आहुति देकर गुलामी की जंजीरें को तोड़ा। युवा अपनी शक्ति को पहचाने। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 11 सितंबर 1893 को अमेरिका के शिकागो शहर में सर्व धर्म सम्मेलन में भारत की सनातन संस्कृति की पताका लहराकर विश्व पटल पर भारतीयता का नाम रोशन किया था। उन्होंने कहा कि युवा अपना लक्ष्य निश्चित करें और जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो तब तक रुकें नहीं। ब्रह्मकुमारी निर्मला ने कहा कि जब तक सोच युवा नहीं होगी तब तक केवल आयु से युवा होने से कुछ नहीं होगा। युवा अपनी शक्ति को पहचानें। अध्यापक सुनील कुमार ने कहा कि युवा महापुरुषों से प्रेरणा लेकर उन्हें अपना आदर्श मानें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. रिंकू ने की। विचार गोष्ठी में छात्राओं ने भी अपने विचार प्रकट किए। भाषण प्रतियोगिता में स्वयंसेविका प्रीति ने प्रथम, सुमन ने द्वितीय व पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में स्वयंसेविका अंशु ने प्रथम, भतेरी व कुसुमलता ने द्वितीय तथा अनु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



महिला महाविद्यालय में योग शिविर में अलग-अलग स्पर्धाओं में अग्रणी छात्राएं प्रबंधन के साथ। • विज्ञप्ति

Awareness Campaign on various burning issues on 26 March 2023 in Badhra by NSS units including the following:
Beti-bacahao-beti padhao, Environmental Conservation, Voter's Awareness

NSS Seven Days Camp
(25-03-2023 to 31-03-2023)
(at Brahman Bhawan, Badhra)
(Day-1)

25-03-2023

राजकीय महिला म... बाढड़ा की एन एस एस इकाई I और II द्वा... भवन जेवली रोड बाढड़ा में सात दिवसी... शिविर का शुभारंभ प्राचार्य श्री सुबे सिंह जी ... में किया गया। इस शिविर में 100 स्वंयसेवि... भाग लिया। एन एस एस प्रभारी प्रो० यशव... प्रो० जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में शिविर का स... ...लन किया गया।

## स्वावलंबी ना... समाज की मार्गदर्शक, मानसिक तौ... मजबूत बने नारी

26-03-2023

बाढड़ा। कस्बे के ब्राह्मण ... राजकीय महिला महाविद्या... राष्ट्रीय सेवा योजना की दो ... सात दिवसीय विशेष शि... शुभारंभ किया गया। काय... छात्राओं को स्वावलंबी जीव... करने के लिए मानसिक तौर पर... रहने का आह्वान किया गया। ... जितेंद्र आर्य ने बताया कि एनएस... शिविर में सात दिन तक चल... कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रा... अनेक महत्वपूर्ण विषयों से ... करवा कर अन्य ग्रामीणों को भी ... सांझा किया जाएगा। लगातार सा... तक आयोजित शिविरों के माध्... मतदाता जागरूकता, पर्यावरण जागरूकता, यातायात सुरक्षा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जैसे विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। आज प्रथम दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यवाहक प्राचार्य सुबे सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया तथा छात्राओं से इसका लाभ उठाने की अपील की। शिविर में छात्राएं पिंकी, प्रिया, मंजू, उर्मिला, सुदेश,कविता, अंजू, पुनम इत्यादि ने भागीदारी की। कार्यक्रम में प्रोफेसर सोनू भारद्वाज, प्रदीप, मुकेश, मीना, अनिता, प्रियंका, यशवंती, कमलेश, मनीषा,पुनम, उषा इत्यादि मौजूद रहे।

26-03-2023

## स्वावलंबी नारी समाज की मार्गदर्शक : जितेंद्र



बाढड़ा। कस्बे के ब्राह्मण भवन में राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को स्वावलंबी जीवन यापन करने के लिए मानसिक तौर पर मजबूत रहने का आह्वान किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य सुबे सिंह ने की। शिविर में पिंकी, प्रिया, मंजू, उर्मिला, सुदेश,कविता, अंजू, पूनम, प्रोफेसर सोनू भारद्वाज, प्रदीप, मुकेश, मीना, अनिता, प्रियंका, यशवंती, कमलेश, मनीषा, पूनम, उषा आदि मौजूद रहे। संवाद

26-03-2023 ( Day - 2 )

सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत प्रांगण भवन की साफ-सफाई के साथ की गई। प्रातःकालीन सत्र में माँ भारती के वीर सपूत व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत संगठन मंत्री श्री श्याम सिंह कुशवाह जी शिविर में पहुंचे। दोपहर में 'नशा मुक्त भारत में युवाओं की भूमिका' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सांयकालीन सत्र में स्वयंसेविकाओं ने गांव बाढड़ा में डोर टू डोर जाकर नशामुक्ति जागरूकता अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर निशा, द्वितीय स्थान पर पूजा और प्रियंका तथा तृतीय स्थान पर अंजू और प्रिया रही।

Seen

Principal

# स्वयंसेविकाओं को पढ़ाया राष्ट्रीयता का पाठ

27-03-2023



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन छात्राओं को राष्ट्रीय एकता का पाठ पढ़ाया गया। कार्यक्रम में नशामुक्ति पोस्टर मेकिंग स्पर्धा भी आयोजित की गई। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर यशवंती व प्रोफेसर जितेंद्र कुमार ने बताया कि प्रातःकालीन सत्र में भारतीय संस्कृति विषय पर श्याम सिंह कुशवाहा ने देशसेवा के लिए स्वयंसेविकाओं को प्रेरित किया। इस दौरान स्वयंसेविका निशा, अंजू, सुमन ने देश भक्ति कविता सुनाई। नितिन ने देशभक्ति रागनी, प्रिया, मनजीत व प्रीति ने भाषण की प्रस्तुति दी। नशा मुक्ति विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निशा प्रथम व पूजा द्वितीय रही। इस अवसर पर कमल, तस्वीर, सोनू, जयवीर, दिनेश व ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे। संवाद

27-03-2023 (Day-3)

कैंप के तीसरे दिन कार्यक्रम अधिकारी प्रो० यशवंती तथा
प्रो० जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में प्रातःकालीन सत्र में बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ" विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन
किया गया। प्रतियोगिता में चौबीस स्वंयसेविकाओं ने
भाग लिया। इसके बाद महिला एवं बाल विकास विभाग
कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती गीता सहारन स्वयं सेविकाओं के
बीच शिविर में पहुँचे। सभी स्वंयसेविकाओं को उन्होंने महिलाओं
एवं बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण
जानकारी दी। सभी स्वंयसेविकाओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
के नारे लगाते हुए बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए
संदेश दिया। सांयकालीन सत्र में स्वंयसेविकाओं ने
नशा मुक्ति विषय पर नाटक की शानदार प्रस्तुति दी।

Tehal

Seen

Principal

# चरखी दादरी भास्कर 28-03-2023

दैनिक भास्कर

खींची गई सक्सेज फोटो जमा कर सकते हैं। आघात पहुंचा है। दादरी के 12 पार्कों में भी नगर परिषद द्वारा खींची गई दीवार को तुड़वाने एवं कब्जा करने के प्रयास पर रोक अनुसार हमारे समाज के लोग इस कुंए पर पूजा-अर्चना करते हैं व मंजू, देवी, सरिता, विक्की आदि मौजूद थे।

राजकीय महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने स्लोगन के माध्यम से दिया बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया नशा मुक्ति का संदेश

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा की एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय कैंप के तीसरे दिन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यशवंती तथा प्रो. जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में प्रातः कालीन सत्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा जागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया। प्रतियोगिता में 24 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया और एक से बढ़कर एक स्लोगन लिखकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। इसके बाद महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारण स्वयं सेविकाओं के बीच शिविर में पहुंची। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को महिलाओं एवं बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। किस अवस्था में बच्चों को कौन सा भोजन देना चाहिए, स्वयं सेविकाओं को संबोधित किया। इसके साथ ही उन्होंने महिला शिक्षा व सुरक्षा के लिए स्वयं सेविकाओं को जानकारी दी। सभी स्वयं सेविकाओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे लगाते हुए बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए संदेश दिया। सायंकालीन सत्र में स्वयं सेविकाओं ने नशा मुक्ति विषय पर नाटक की शानदार प्रस्तुति दी। जिसके माध्यम से नशे से दूर रहने का आह्वान भी किया।



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविका प्रतियोगिता में बनाए गए स्लोगन के साथ।

(27-03-2023) (Day-3)

28-03-2023

# नशा मुक्ति समाज से होगा सक्षम भारत का निर्माण

**संवाद सहयोगी, बाढड़ा:** कस्बा बाढड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों द्वारा सात दिवसीय शिविर में जिला परियोजना अधिकारी गीता सहारण ने सोमवार को छात्राओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम के प्रचार प्रसार का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अभिभावकों व ग्रामीणों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

शिविर के तीसरे दिन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यशवंती तथा प्रो. जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारण ने स्वयं सेविकाओं को महिलाओं एवं बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित जरूरी जानकारी दी। सभी स्वयं सेविकाओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे लगाते हुए बेटियों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। इसी विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्वयं सेविकाओं ने उत्साह से भाग लिया। भारतीय संस्कृति विषय पर श्याम सिंह कुशवाहा ने प्रेरणादायक विचारों से स्वयं सेविकाओं को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि भारत अधिक जनसंख्या के साथ एक बड़ा देश है जहां विभिन्न धर्मों के लोग अपनी अनोखी संस्कृति के साथ एक साथ रहते हैं। देश के विभिन्न राज्यों की वेशभूषा और खानपान के बारे में छात्राओं को बताया। स्वयंसेविका निशा, अंजू, सुमन ने देशभक्ति कविता, नितिन ने रागनी, प्रिया व मंजीत ने गीत तथा प्रीति ने भाषण की शानदार प्रस्तुति दी।

नशा मुक्ति प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशा, द्वितीय स्थान पूजा और प्रियंका तथा तृतीय स्थान अंजू व प्रिया ने प्राप्त किया। सायंकालीन सत्र में स्वयं सेविकाओं ने गांव बाढड़ा में डोर टू डोर जाकर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान में अपनी विशेष भूमिका निभाई।



एनएसएस शिविर मे नशामुक्ति पोस्टर मे प्रथम आने वाली छात्राओ को सम्मानित करती सीडीपीओ गीता सहारण। ● विज्ञप्ति

28-03-2023 (Day-4)

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढ़ड़ा की दोनों एन एस एस इकाइयों द्वारा आयोजित एन एस एस इकाइयों सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन की शुरुआत महाविद्यालय की साफ-सफाई के साथ हुई। कार्यक्रम प्रभारी प्रो॰ यशवंती तथा प्रो॰ जितेन्द्र ने स्वंयसेविकाओं के अलग - अलग समूह बनाकर महाविद्यालय की सफाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी स्वंयसेविकाओं ने महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया और कॉलेज परिसर को पॉलिथीन मुक्त बनाया। सभी स्टाफ सदस्यों व स्वंयसेविकाओं द्वारा महाविद्यालय में 30 पौधे लगाए गए। पौधारोपण में छायादार तथा औषधीय पौधों को शामिल किया गया। दोपहर बाद स्वंयसेविकाओं ने गाँव बाढ़ड़ा में रैली के माध्यम से देश को स्वच्छ और पॉलीथिन मुक्त बनाने का संदेश दिया। सभी स्वंयसेविकाओं ने नारे लगाते हुए स्वच्छ भारत का निर्माण करने हेतु लोगों को जागरूक किया।

(signature)

Seen

Principal

29-03-2023

## स्वयंसेविकाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



महिला महाविद्यालय में पौधरोपण करतीं स्वयंसेविकाएं। विज्ञप्ति

बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा के एनएसएस शिविर के दौरान मंगलवार को स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में सफाई की। कार्यक्रम प्रभारी जितेंद्र और प्रोफेसर यशवंती ने स्वयंसेविकाओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में 30 पौधे लगाए गए। संवाद

# छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

30-03-2023



बाढड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय में यातायात नियमों की जानकारी देते सबइंस्पेक्टर रमेश। ● विज्ञप्ति

संवाद सहयोगी, बाढड़ा : बाढड़ा स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में जिला पुलिस ने बुधवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत कालेज में छात्राओं व स्टाफ सदस्यों को यातायात नियमों के बारे में जानकारियां दी गईं।

पुलिस अधीक्षक दीपक गहलावत के निर्देशानुसार बुधवार को ट्रैफिक पुलिस द्वारा बाढड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय में चलाए गए अभियान के दौरान सब इंस्पेक्टर रमेश ने कहा कि हर वर्ष हजारों लोग सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा देते हैं। सड़क हादसों का बड़ा कारण यातायात नियमों का पालन ना करना और नियमों की पालना में लापरवाही बरतना है। हम सभी को यातायात नियमों की सक्रियता से पालना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की उल्लंघन करने पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा चालान भी किए जा रहे हैं। चालान करने का मुख्य उद्देश्य है कि लोग यातायात नियमों की पालना करने के प्रति जागरूक हों और नियमों की पालना सुनिश्चित करें।

**कम उम्र के बच्चों को न चलाने दें वाहन :** एसआइ रमेश ने अपने संबोधन में कहा कि अभिभावक अपने 18 साल से कम उम्र के बच्चों को बाइक इत्यादि वाहन सार्वजनिक स्थान पर चलाने के लिए ना दें। इससे बच्चों व दूसरे वाहन चालकों को खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग सीखते समय वाहन के पीछे एल का निशान जरूर लगवाएं। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य, कालेज स्टाफ सदस्य, छात्राएं व ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

***

---

29-03-2023 (Day-5)

राजकीय महिला महाविद्यालय की दोनों एन. एस. एस इकाइयो द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवे दिन यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। चरखी दादरी के ट्रैफिक पुलिस इन्चार्ज एसआई श्री रमेश ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए स्वयंसेविकाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग सीखते समय वाहन के पीछे एल का निशान जरूर लगवाएं। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य कॉलेज स्टाफ तथा छात्राएँ सभी उपस्थित रहे।

[signature]

Seen

Principal

# महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने जागरूकता रैली निकाल लोगों को यातायात नियमों की दी जानकारी

30-03-2023

## नियमों की अवहेलना करने वाले चालकों को नुकसान के बारे में भी चेताया

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेविका बस स्टैंड पर लोगों को जागरूक करते हुए।

राजकीय महिला महाविद्यालय की दोनों एनएसएस इकाइयों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवे दिन यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। छात्राओं ने वाहनों को रोककर यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया तथा जागरूकता से ही दुर्घटना व मृत्यु दर में कमी लाने का संदेश दिया। चरखीदादरी के ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज एसआई रमेश ने कहा कि हमें ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए और 18 वर्ष की उम्र पूरी करने से पहले वाहन नहीं चलाने चाहिए। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें इससे स्वयं भी सुरक्षित होंगे तथा सामने से आनेवाल भी सुरक्षित होगा। स्वयंसेवकों ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को रोककर स्वयं व दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। पोस्टरों के माध्यमों से वालंटियरों ने आम लोगों को शहर के यातायात के लिहाज से सबसे व्यस्त विशेषकर कालेज रोड पर सुरक्षित ड्राइविंग करने का आह्वान किया। पोस्टरों में यातायात नियमों को पालन करने के चित्र उकेरे गए थे। इसके साथ ही नियमों की अवहेलना करने वाले चालक और राहगीर को नुकसान के बारे में भी चेताया गया है। इस अभियान में छात्राएं ज्यादा सक्रिय दिखीं। इस दौरान सड़क सुरक्षा से जुड़े स्लोगन भी लगाए गए। इस अवसर पर सुनील, रमेश, अमरजीत, प्रो. जितेन्द्र, प्रो. यशवंती, डॉ.सोनू, ओमप्रकाश, दिनेश, सुमन, मोनिका, पूजा, प्रियंका, कल्पना, नेहा रानी, प्रीति आदि मौजूद थे।

Seen

Principal

30-03-2023 (Day-6)

एन.एस.एस. सातदिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन कार्यक्रम प्रभारी प्रो० यशवंती तथा प्रो० जितेन्द्र कुमार के ने स्वंयसेविकाओं को प्रतिदिन योग करने व खेलने के लिए जागरूक किया। इसके पश्चात सभी स्वंयसेविकाओं ने कॉलेज के खेल मैदान तथा आस-पास की जगह को साफ किया। खेल मैदान में लेमन रेस, रस्सा कसी तथा थ्री लैग रेस का आयोजन किया गया। लेमन रेस में स्वंयसेविका सविता ने प्रथम, रवीना ने द्वितीय तथा अंजू और अंतिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। थ्री लैग रेस में किरण और पूजा ने प्रथम, सुनीता व सविता ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान निशा व प्रीति ने प्राप्त किया। रस्सा कशी में सभी स्वंयसेविकाओं ने भाग लिया।

Seen

Principal

दैनिक भास्कर 31-03-2023

# लेमन रेस में सविता प्रथम, रविना द्वितीय, अंजू व अंतिमा तृतीय रहीं

## स्वयं सेविकाओं को प्रतिदिन योग करने व खेलने के लिए किया जागरूक

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा की दोनों एनएसएस इकाइयों द्वारा आयोजित एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन कार्यक्रम प्रभारी यशवंती ने स्वयं सेविकाओं को प्रतिदिन योग करने व खेलने के लिए जागरूक किया।

इसके पश्चात सभी स्वयं सेविकाओं ने कॉलेज के खेल मैदान तथा आस पास की जगह को साफ किया।

इसी दौरान खेल मैदान में लेमन रेस, रस्साकसी तथा थ्री लेग रेस का आयोजन किया गया। लेमन रेस में स्वयंसेविका सविता ने प्रथम, रवीना ने द्वितीय तथा अंजू और अंतिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। थ्री लेग रेस में किरण और पूजा ने प्रथम, सुनीता व सविता ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान निशा व प्रीति ने प्राप्त किया।

रस्सा कसी में सभी स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय के जितेन्द्र आर्य, प्रो. कमल, डॉ. सोनू, जयवीर उपस्थित रहे।



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविका थ्री लेग रेस में भाग लेते हुए।

शिक्षाविद विद्या देवी का

31-03-2023 (Day - 7)

31-03-2023 को एन. एस. एस. सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन की शुरुआत एन. एस. एस. स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविद्यालय कैंटीन की डेकोरेशन के साथ की गयी। कैंप के समापन समारोह में डॉ० परमजीत सिंह के का मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत किया गया। स्वयंसेविकाओं द्वारा कविता, रागनी, देश भक्ति गीत, हरियाणवी लोक-गीत पर नृत्य तथा दहेज प्रथा पर नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो० यशवंती तथा प्रो० जितेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सप्ताह भर चले कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि द्वारा वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ० मीना कुमारी, डॉ० गुणपाल सिंह, डॉ० मनीषा लाठर, प्रो० मीना, प्रो० अनिता, प्रो० रिंकू, डॉ० सोनू, प्रो० ऊषा, श्री जयबीर आदि उपस्थित रहे। यूनिट - I से स्वयंसेविका किरण तथा यूनिट - II से स्वयंसेविका सुमन को बेस्ट एन. एस. एस. स्वयंसेविका चुना गया और उनको सम्मानित किया गया।

[signature]

Seen

Principal

हिसार, शनिवार, 1 अप्रैल, 2023 | 3

# राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का पूर्ण मंच: परमजीत

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय एनएसएस स्वयंसेविकाओं के साथ स्टाफ सदस्य।

राजकीय महिला महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाइयों की ओर से चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जितेंद्र प्रो. यशवंती की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सप्ताह भर चले कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. परमजीत ने किया। मुख्य अतिथि परमजीत ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का पूर्ण मंच है। इसके द्वारा छात्रों का चौमुखी विकास होता है। इसके बाद एनएसएस के छात्राओं द्वारा नारी शिक्षा पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसके द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े छात्र-छात्राओं से प्रेरित होकर एक अनपढ़ महिला के अंदर पढ़ने की इच्छा शक्ति उत्पन्न होने का मंचन किया गया। सात दिवसीय विशेष शिविर के विभिन्न दिनों में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि द्वारा वितरित किए गए। अंत में महाविद्यालय कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जितेन्द्र प्रो. यशवंती ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रोफेसर सोनू, ऊषा, अनिता, रिंकू, मीना, गुणपाल, मनीषा, किरण, छात्रा पिंकी श्योराण, मो[illegible] आरती, नितिन, किरण, सुम[illegible] रवीना, मोनिका, प्रिया, प्रियं[illegible] पूजा आदि मौजूद थे।

01-04-2023

# कैंप के समापन पर छात्राओं को किया सम्मानित

बाढड़ा। राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों इकाइयों के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र यशवंती ने सप्ताह भर चले कार्यक्रम की जानकारी दी। मुख्य अतिथि प्रोफेसर परमजीत श्योराण ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया। एनएसएस की छात्रा पिंकी श्योराण ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस दौरान प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्रोफेसर सोनू, ऊषा, अनिता, रिंकू, मीना, गुनपाल, मनीषा, किरण, छात्रा पिंकी श्योराण, आरती, नितिन, किरण, सुमन, रविना, मोनिका, प्रिया, प्रियंका, पूजा आदि छात्राएं मौजूद रहीं। संवाद

24-04-2023
Attended or Participated in Training regarding to Conduct National Survey of Youth Not in formal Education or Regular Employment by NSS Units in JVMGRR College on 24-04-2023.

25-04-2023

# राष्ट्रीय युवा नीति के निर्माण के लिए करेंगे सर्वे

**जागरण संवाददाता, चरखी दादरी :** सोमवार को दादरी नगर के जनता पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के नई दिल्ली क्षेत्रीय निदेशक के निर्देशानुसार औपचारिक शिक्षा या नियमित रोजगार में नहीं रहने वाले युवाओं के सर्वेक्षण के संदर्भ में प्राचार्य डा. यशवीर सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डा. रोशन लाल की उपस्थिति में राजकीय महाविद्यालय दुजाना से डा. सजनी देवी ने बतौर मास्टर ट्रेनर शिरकत की। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है। इस सर्वे में 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के वे व्यक्ति जो ना तो औपचारिक शिक्षा में है और ना ही नियमित रोजगार में है उनके आंकड़े विस्तार से सरकार तक पहुंचाए जाएंगे। सजनी देवी ने सभी कार्यक्रम अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए कि किस प्रकार से स्वयंसेवकों के माध्यम से प्रत्येक यूनिट द्वारा गोद लिए गए गांव के आंकड़े एकत्रित करने हैं और उनको कंपाइल करके मास्टर ट्रेनर के माध्यम से संबंधित विभाग को भेज दिया जाएगा। इस अवसर पर इस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. गरिमा श्योराण, सुदेश पूनिया, वंदना बेनीवाल, यशवंती, जितेंद्र, राजेश कुमार, जिला संयोजक विरेंद्र सिंह, भुवनेश गौड़, रमेश कुमार, डा. आशीष, डा. सुरेश, सुरेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह भी मौजूद रहे।


जनता कालेज मे प्रशिक्षण शिविर के दौरान जानकारी देती डा. सजनी देवी। • विज्ञप्ति

Seen

Principal

26-04-2023 & 27-04-2023

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढ़डा की एन. एस. एस. इकाईयों द्वारा गाँव बाढ़डा और भांडवा में Youth Centric Policy Making Process and Formulation of National Youth Policy के अंतर्गत 15 से 29 वर्ष के युवा जो न तो औपचारिक शिक्षा में हैं और न ही नियमित रोजगार में हैं, ऐसे युवाओं का सर्वे किया गया। यह सर्वे कार्यकारी प्राचार्य श्री सुबे सिंह की अध्यक्षता में एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी प्रो० यशवंती तथा प्रो० जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सभी स्वंय सेविकाओं द्वारा 26 अप्रैल 2023 तथा 27 अप्रैल 2023 को की गई।

28-04-2023

# स्वयंसेविकाओं ने रोजगार और शिक्षा से वंचित युवाओं का डाटा किया एकत्रित

**संवाद सहयोगी, बाढड़ा:** कस्बा बाढड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम व द्वितीय इकाई द्वारा गांव भांडवा व बाढड़ा में रोजगार व शिक्षा से वंचित युवाओं का डाटा एकत्रित किया गया है। कालेज की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यशवंती, सहायक प्राध्यापक जितेंद्र कुमार आर्य के मार्गदर्शन में सभी स्वयंसेविकाओं ने 15 से 29 वर्ष के युवा जो ना तो औपचारिक शिक्षा में हैं और ना ही नियमित रोजगार में हैं उनका सर्वेक्षण किया।

सर्वे में मिली जानकारी से ही आगामी शिक्षा व रोजगार की दिशा पर मंथन होता है। कार्यकारी प्राचार्य की अध्यक्षता में संचालित आवश्यक मिशन में शामिल आंकड़ों को जुटाने व सर्वे के दौरान स्वयंसेविका सुमन, किरण, सविता, अंजू, बंटी सोनिया, दीपिका, निकिता, प्रियंका, दिनेश, ओमप्रकाश इत्यादि का विशेष सहयोग रहा। टीम सदस्यों ने गांव में नशा मुक्ति, प्लास्टिक व पालिथीन का प्रयोग ना करने का संकल्प दिया।



गांव भांडवा में सर्वे अभियान में जुटी महिला कालेज की स्वयंसेविकाएं। ● विज्ञप्ति

हिसार, शुक्रवार, 28 अप्रैल, 2023 | 4

## राजकीय महिला कॉलेज की स्वयंसेविकाओं ने किया सर्वे

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई एक व दो द्वारा गांव बाढड़ा और भांडवा में यूथ सेंट्रिक पॉलिसी मेकिंग प्रोसेस एंड फॉर्मूलेशन ऑफ नेशनल यूथ पॉलिसी के अंतर्गत 15 से 29 वर्ष के युवा जो न तो औपचारिक शिक्षा में हैं और न ही नियमित रोजगार में हैं, ऐसे युवाओं का सर्वेक्षण किया गया। सर्वे का आयोजन कार्यकारी प्राचार्य सुबे सिंह की अध्यक्षता में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक यशवंती तथा सहायक प्राध्यापक जितेन्द्र कुमार आर्य के मार्गदर्शन व निर्देशन में सभी स्वयंस विकाओं के द्वारा 26 अप्रैल 2023 तथा 27 अप्रैल 2023 को किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेविका सुमन, किरण, सविता, अंजू, बंटी, सोनिया, दीपिका, निकिता, प्रियंका, दिनेश, ओम प्रकाश आदि उपस्थित थे।

Seen

Principal

(World Environment Day)

05 June 2023

5 जून 2023 को महिला महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एन. एस. एस. स्वयंसेविकाओं तथा शिक्षकों ने पौधारोपण किया। लगभग 25 पौधे महाविद्यालय में लगाए गए। इको क्लब प्रभारी प्रो० रिंकू तथा एन एस एस प्रभारी प्रो० यशवंती ने पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वयंसेविकाओं को प्रोत्साहित किया।

## छात्राओं ने पौधारोपण कर स्वच्छता मुहिम चलाई

06-06-2023



महिला कालेज में पौधारोपण करतीं छात्राएं।

**संवाद सहयोगी, बाढड़ा :** महिला महाविद्यालय में एनएसएस स्वयं सेविकाओं व शिक्षकों ने पौधारोपण कर विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विभिन्न प्रजातियों के करीब दो दर्जन से अधिक पौधे लगाए गए। अभियान की अध्यक्षता इको क्लब प्रभारी प्रोफेसर रिंकू तथा एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर यशवंती ने छात्राओं को पर्यावरण दिवस का महत्व समझा... उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण सं... के लिए विशेष कदम उठाने होंगे। उन्होंने सभी छात्राओं से अपील क... कि वे अपने घर के आसपास सा... सफाई रखें और कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। इस मौके पर महाविद्यालय की सभी छात्राएं व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## महिला महाविद्यालय में चलाया सफाई अभियान

बाढड़ा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महिला महाविद्यालय में एनएसएस स्वयं सेविकाओं व शिक्षकों ने पौधरोपण किया और विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इको क्लब प्रभारी प्रोफेसर रिंकू, एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर यशवंती ने छात्राओं को पर्यावरण दिवस का महत्व समझाया। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे आसपास सफाई रखें और कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। संवाद

Seen

Principal

Yog Protocol Training Programme
(16-06-2023 & 17-06-2023)

Yog Protocol Training Programme was organized by NSS Units on the occasion of International Yoga Day. This Programme was Conducted by Mitarsen and Kavita (Dagrali)
NSS volunteers and other students were present during this Yog Protocol Training Programme

[signature]

Seen

Principal



